वर्ष : 03
अंक : 41
पृष्ठ : 08
मूल्य : तीन रुपये

लोकतंत्र की निष्पक्ष आवाज

# परिवर्तन दूत

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

आर.एन.आई. संख्या- UPHIN/2023/84879

वाराणसी, शनिवार, 01 जून, 2024

4 चुनावी नफे-नुकसान के गणित...
mail : pdnewsvns@gmail.com e-paper:www.parivartandoot.com
निशांत ने भारत को दिलाया बॉक्सिंग... 7

## संक्षिप्त खबरें

### कंटेनर की टक्कर से कार सवार तीन बच्चों की मौत

**अमेठी।** जिले के कमरौली थाना क्षेत्र में शुक्रवार को तड़के एक कंटेनर की टक्कर से कार सवार तीन बच्चों की मौत हो गयी और अन्य कई घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना कमरौली के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को तड़के बीएचईएल गेट के सामने रेलवे क्रॉसिंग बन्द होने से कई गाड़ियां खड़ी थीं। लखनऊ की तरफ से तेज गति से आ रहे कन्टेनर (बड़े ट्रक) ने पीछे खड़ी कार में इतनी जोर से टक्कर मारी कि कार समेत आगे खड़ी करीब आधा दर्जन अन्य गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। इस घटना में कई लोग घायल हो गए। वहीं पिछली कार में सवार चार बच्चे गम्भीर रूप से घायल हो गए। सिंह ने बताया कि मृत बच्चों की पहचान अदनान (11) पुत्र जुल्फिकार, फातिमा (13) पुत्री शकील, आफरीन (14) पुत्री मंजूर के रूप में हुई है। यह सभी सुलतानपुर जिले के थाना बल्दीराय के ग्राम नतौली पारा बाजार के निवासी हैं।

### असम में बाढ़ से छह लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** असम और मणिपुर में रेमल चक्रवात की वजह से भारी बारिश हुई है। इस वजह से ब्रह्मपुत्र, बराक समेत छह नदियों में बाढ़ आ गई है। जिसके कारण क्षेत्र में कई जिलों में खतरा बढ़ गया है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने बताया कि असम के जोरहाट जिले के नीमाटिंघाट पर ब्रह्मपुत्र नदी 85.25 मीटर पर बह रही है। ब्रह्मपुत्र नदी खतरे के निशान से .29 मीटर ऊपर है। वहीं बराक नदी में भी गंभीर खतरा बना हुआ है। अधिकारियों के मुताबिक रेमल चक्रवात के कारण असम के नौ जिलों में दो लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। जबकि अब तक छह लोगों की मौत हो चुकी है।

### दिल्ली-सैन फ्रांसिस्को फ्लाइट 24 घंटे लेट

**नई दिल्ली।** दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को जाने वाली एअर इंडिया की एक फ्लाइट गुरुवार को 24 घंटे लेट हो गई। फ्लाइट को कल दोपहर 3:20 बजे उड़ान भरना था, लेकिन इसे शुक्रवार को दोपहर 3 बजे रीशेड्यूल किया गया। एअर इंडिया की फ्लाइट अंक 183 में बच्चे-बुजुर्ग समेत करीब 200 लोग सवार थे। 30 मई को सभी पैसेंजर्स फ्लाइट में बैठ चुके थे। इसके बाद पता चला कि विमान का एयर कंडीशनिंग सिस्टम काम नहीं कर रहा है। लगभग छह घंटे तक पैसेंजर्स एयरक्राफ्ट में एसी ठीक होने का इंतजार करते रहे। इस दौरान कई लोग बेहोश हो गए। इसके बाद फ्लाइट को रात 10 बजे रीशेड्यूल किया गया। पैसेंजर्स लगभग 7:20 बजे फ्लाइट में चढ़े थे, लेकिन तब भी एसी काम नहीं कर रहा था। एक घंटे के बाद पैसेंजर्स को फिर से निकलना पड़ा।

# आठ राज्यों की 57 सीटों पर आज मतदान

## मोदी सहित चार कलाकार रवि किशन, पवन सिंह, कंगनी- काजल मैदान में

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव-2024 के सातवें और अंतिम फेज में शनिवार (1 जून) को 7 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश की 57 सीटों पर वोटिंग होगी। इस फेज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, दो केंद्रीय मंत्री आरके सिंह और अनुराग ठाकुर मैदान में हैं। जबकि चार एक्टर- कंगना रनोट, रवि किशन, पवन सिंह, काजल निषाद भी चुनाव लड़ रहे हैं।

इनके अलावा ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी, अफजाल अंसारी, विक्रमादित्य सिंह भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक इलेक्शन के सातवें फेज में 904 कैंडिडेट्स चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें 809 पुरुष और 95 महिला उम्मीदवार हैं। वहीं उत्तर प्रदेश की 13 सीट पर प्रधानमंत्री मोदी समेत कुल 144 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, जिनमें से 134 पुरुष और 10 महिलाएं शामिल हैं।

इस फेज में सबसे अमीर प्रत्याशी बठिंडा, पंजाब से उम्मीदवार हरसिमरत कौर बादल हैं।





उनके पास 198 करोड़ रुपए की संपत्ति है। 542 लोकसभा सीटों के लिए छठे फेज तक 485 सीटों पर मतदान हो चुका है। 1 जून को आखिरी 57 सीटों पर वोटिंग होगी। गुजरात में सूरत से भाजपा के उम्मीदवार रहे मुकेश दलाल निर्विरोध चुनाव जीत चुके हैं, इसलिए वोटिंग 542 सीटों पर ही हो रही है। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, 199 कैंडिडेट ऐसे हैं, जिन पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। वहीं 155 उम्मीदवार ऐसे भी हैं, जिन पर हत्या, किडनैपिंग जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। इनमें से 13 उम्मीदवारों को किसी न किसी मामले में दोषी ठहराया गया है।

चार उम्मीदवारों पर हत्या और 21 पर हत्या की कोशिश के मामले दर्ज हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले 27 उम्मीदवारों पर दर्ज हैं। 3 उम्मीदवारों के खिलाफ दुष्कर्म (आईपीसी-376) का केस दर्ज है। वहीं, 25 कैंडिडेट्स पर भड़काऊ भाषण देने का केस दर्ज है। लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में 904 उम्मीदवारों में से 33 फीसदी यानी 299 करोड़पति हैं। इन कैंडिडेट्स के पास औसत संपत्ति 3.27 करोड़ रुपए है। सबसे ज्यादा भाजपा के 44 उम्मीदवार करोड़पति हैं। बठिंडा, पंजाब से उम्मीदवार हरसिमरत कौर बादल सबसे अमीर कैंडिडेट हैं। उनके पास 198 करोड़ की संपत्ति है। लिस्ट में दूसरा नाम ओडिशा से भाजपा कैंडिडेट बैजयंत पांडा (148 करोड़ रुपए) और तीसरा नाम चंडीगढ़ से भाजपा कैंडिडेट संजय टंडन (111 करोड़ रुपए) का है।

### मोदी के ध्यान के खिलाफ तमिलनाडु कांग्रेस पहुंची हाईकोर्ट

**कन्याकुमारी।** विपक्ष प्रधानमंत्री मोदी के ध्यान को आचार संहिता का उल्लंघन बता रहा है। तमिलनाडु कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि पीएम अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं। इसके खिलाफ मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी ने मद्रास हाईकोर्ट में दायर याचिका में कहा है कि प्रधानमंत्री की विवेकानंद रॉक यात्रा पर कोई आपत्ति नहीं कर सकता है, लेकिन लोकसभा चुनाव 2024 के 7वें फेज के कूलिंग पीरियड के दौरान उनकी यात्रा हिंदू भावनाओं को भड़काने और अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग करके वोट हासिल करने की कोशिश है। इसलिए इस पर कार्रवाई होनी चाहिए।

उधर, इससे पहले मोदी के कन्याकुमारी दौरे को लेकर एक संगठन थंगथाई पेरियार द्रविड़र कड़गम ने गुरुवार को मदुरै में प्रधानमंत्री के विरोध में काले झंडे दिखाए। इसी संगठन ने पर #गोबैकमोदी (मोदी वापस जाओ) पोस्ट किया है।

# सात राज्यों में हीटवेव से 79 की मौत

## बिहार में सबसे ज्यादा 44 लोगों की जान गई

**नई दिल्ली।** देश के सात राज्यों में हीटवेव के कारण गुरुवार को 79 लोगों की मौत हुई। इनमें सबसे ज्यादा बिहार में 44 लोगों की जान गई। झारखंड में 15 की मौत हुई। ओडिशा के राउरकेला में 6 घंटे के दौरान 10 लोगों ने दम तोड़ दिया। राजस्थान में पांच लोगों की मौत हुई। छत्तीसगढ़ में 3 और उत्तर प्रदेश-दिल्ली में 1-1 की मौत हुई। मौत के सभी आंकड़े आधिकारिक तौर पर जारी नहीं किए गए हैं। भास्कर टीम ने ये डेटा खुद जुटाया है। बिहार और झारखंड में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है। दोनों राज्यों के कई हिस्सों में देर रात गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ शुरू भी हो गई है।

शुक्रवार के लिए देश में कहीं भी हीटवेव का रेड अलर्ट जारी नहीं किया है। हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, चंडीगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ अगले पांच दिन का बिहार में सबसे ज्यादा 44 लोगों की जान गई तापमान मौजूदा तापमान से 2-4 डिग्री कम रह सकता है।

मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तराखंड के कुछ इलाकों में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार और ओडिशा में रात को गर्म मौसम रहेगा। गुरुवार को हरियाणा के सिरसा में देश में सबसे ज्यादा 49.1 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। गुरुवार को मानसून केरल पहुंच गया। इसके साथ ही अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, नगालैंड, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर और असम में भी मानसून की एंट्री हो गई। दिल्ली में मानसून 27 जून तक आने का अनुमान है। इस बार मानसून पूर्वानुमान के एक दिन पहले आया है। क्व्टऊने 31 मई तक इसके केरल में पहुंचने की संभावना जताई थी। मानसून जल्दी आने का कारण रेमल साइक्लोन बताया जा रहा है, जो 26 मई को पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश में आया था।

### बिभव कुमार को 14 दिन के लिए जेल भेजा

**नई दिल्ली।** स्वाति मालीवाल मारपीट केस में दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने शुक्रवार (31 मई) को अरविंद केजरीवाल के ढअ बिभव कुमार को 14 दिन की ज्यूडिशियल कस्टडी में भेजा है। उन्हें 14 जून को कोर्ट में पेश किया जाएगा। सुबह हुई सुनवाई में कोर्ट ने बिभव की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।बिभव ने बुधवार (29 मई) को याचिका लगाकर अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए मुआवजे और दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच की मांग की थी। जस्टिस शर्मा ने इस मामले में दिल्ली पुलिस और बिभव कुमार के वकीलों की दलीलें सुनीं हैं। बिभव की याचिका पर पहले जस्टिस नवीन चावला की बेंच सुनवाई करने वाली थी।

# एग्जिट पोल की बहस में हिस्सा नहीं लेगी कांग्रेस-पवन

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के सातवें और आखिरी चरण के लिए एक जून को वोटिंग होगी। इससे पहले पूरे देश में आम चुनाव के लिए छह चरणों में मतदान हो चुका है। ऐसे में सातवें और आखिरी चरण की वोटिंग के बाद शनिवार शाम को एक्जिट पोल आएंगे, जिसके लेकर मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने शुक्रवार को एलान करते हुए कहा कि कांग्रेस टीवी पर एग्जिट पोल की बहस में हिस्सा नहीं लेगी। उनका कहना है कि कांग्रेस रिजल्ट से पहले (4 जून) अटकलों में शामिल नहीं होना चाहती। पवन खेड़ा एक्स पर आगामी एग्जिट पोल डिबेट्स में पार्टी द्वारा भाग ना लिये जाने के निर्णय पर पार्टी का वक्तव्य सामने रखा। उन्होंने कहा, "मतदाताओं ने अपने मत दे दिया है एवं मतदान के परिणाम मशीनों में बंद हो चुके हैं। 4 जून को परिणाम सबके सामने होंगे। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नजरों में परिणाम घोषित होने से पहले किसी भी तरह के सार्वजनिक अनुमान लगा कर घमासान में भाग ले कर टीआरपी के खेल का कोई औचित्य नहीं है।"

खेड़ा ने आगे कहा है कि किसी भी बहस का मकसद दर्शकों का ज्ञानवर्धन करना होता है।

### गंगोत्री हाईवे पर भूस्खलन से एक की मौत

**देहरादून।** उत्तराखंड में उत्तरकाशी के गंगोत्री हाईवे पर डबरानी में शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे को लैंडस्लाइड हुआ। पत्थरों की चपेट में आने से एक वाहन पलट गया। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच घायल हैं। घायलों को देहरादून लाया जा रहा है। एक बड़ी चट्टान गिरी है। इसके नीचे भी कुछ लोग दबे हो सकते हैं। करीब 100 मीटर के इलाके में लोगों और वाहनों पर पत्थर गिरे हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा चट्टान को हटाने के लिए मौके पर जेसीबी भी लगाई गई है। मौके पर पुलिस बल और प्रशासन के पदाधिकारी भी मौजूद हैं। पुलिस ने बताया कि पांच घायलों में दो पुरुष, दो महिला एवं एक बालिका है।

# मिर्जापुर : चुनाव ड्यूटी पर आए सात होमगार्डों की मौत

## 18 का ट्रामा में चल रहा इलाज

परिवर्तन दूत

**मिर्जापुर।** जिले में शुक्रवार को चुनाव ड्यूटी पर आए सात होमगार्डों सहित नौ लोगों की मौत गई। एक जून को यहां लोकसभा चुनाव के 7वें चरण का मतदान होना है। कहा जा रहा है, भीषण गर्मी और लू की वजह से इन होमगार्डों की मौत हुई। मतदान को लेकर कई जिलों से होमगार्ड चुनावी ड्यूटी के लिए मिजार्पुर बुलाए गए हैं। कई होमगार्डों की अचानक तबीयत अचानक खराब हो गई। कुछ को उल्टी शुरू हो गई और जी-मिचलाने लगा। सभी को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया।

मिर्जापुर में चुनावी ड्यूटी करने आए 25 होमगार्ड पोलिंग पार्टी रवाना होने से पहले पॉलिटेक्निक



मैदान पहुंचे। अचानक इनमें से कई की तबीयत खराब होने लगी। सभी को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया।

इलाज के दौरान सात होमगार्डों सहित नौ लोगों ने दम तोड़ दिया। 18 होमगार्डों का ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है। खबर मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी अस्पताल पहुंचे। डॉक्टर बीमार होमगार्डों के इलाज में जुटे हैं। सूचना पर मौके पर पहुंची जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने भर्ती मरीजों का हाल जाना। डॉक्टर्स का कहना है, जब इन जवानों को इलाज के लिए लाया गया था उस वक्त सभी को तेज बुखार था। ब्लड प्रेशर भी बढ़ा हुआ था। अंदेशा है कि इन जवानों की मौत भीषण गर्मी की वजह से हुई है। मिर्जापुर में लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में कल मतदान होना है।

# जल संकट को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंची दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली।** जल संकट से जूझ रही दिल्ली के लिए राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। शुक्रवार 31 मई को दाखिल की गई याचिका में केजरीवाल सरकार ने अपील की है कि कोर्ट हरियाणा, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश से एक महीने के लिए एक्स्ट्रा पानी देने के लिए निर्देश दे। दिल्ली सरकार ने कहा है कि गर्मी की वजह से शहर में पानी की मांग काफी बढ़ गई है और पड़ोसी राज्यों को एक महीने के लिए और ज्यादा पानी देने का निर्देश दिया जाना चाहिए।

राजधानी में पानी की बहुत ज्यादा कमी है और जल मंत्री आतिशी ने हरियाणा पर दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं देने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी भाजपा से अपील की है कि वह हरियाणा और उत्तर प्रदेश में अपनी सरकारों से एक महीने के लिए पानी देने के लिए कहे।

सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली सरकार की तरफ से लगाई याचिका में ये भी कहा गया है कि मौजूदा जल संकट के चलते राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहने वाले लोगों के बेहतर जिंदगी जीने अधिकार का उल्लंघन करता है। इसके चलते लोगों को पीने का साफ पानी भी नहीं मिल पा रहा है।

# मतदान से पहले बंगाल में हुई हिंसा

## आईएसएफ समर्थकों ने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर बम फेंका, पांच घायल

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण से पहले बंगाल में हिंसा हुई है। दरअसल इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के समर्थकों ने टीएमसी कार्यकताओं पर बम फेंक दिया। जिसके विस्फोट से पांच टीएमसी कार्यकर्ता घायल हो गए हैं। घटना दक्षिण 24 परगना जिले के भानगोर इलाके की है। बंगाल पुलिस ने शुक्रवार की इसकी जानकारी दी। हालांकि भानगोर से आईएसएफ विधायक नावेद सिद्दीकी ने आरोपों से इनकार किया है। नावेद सिद्दीकी ने उल्टा टीएमसी कार्यकर्ताओं पर आईएसएफ समर्थकों पर बम से हमला करने का आरोप लगाया।



आईएसएफ विधायक ने कहा कि हमले में खुद टीएमसी के कार्यकर्ता घायल हो गए। भानगोर विधानसभा, जादवपुर लोकसभा सीट के तहत आती है और यहां अंतिम चरण के तहत 1 जून को मतदान होना है। घटना गुरुवार रात की है, जब टीएमसी कार्यकर्ता कथित तौर पर चुनाव प्रचार के बाद अपने घर लौट रहे थे। उसी दौरान उन पर हमला हुआ। घायलों को कोलकाता के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बंगाल सरकार के मंत्री अरूप बिस्वास, जादवपुर से टीएमसी उम्मीदवार सयानी घोष और पार्टी के विधायक शौकत मोल्ला ने अस्पताल जाकर घायलों से मुलाकात की। आईएसएफ नेता सिद्दीकी ने आरोपों को यह कहकर खारिज कर दिया कि भानगोर में हार के डर से टीएमसी ने साजिश रची है और उनकी कोशिश है कि इसका आरोप हम पर लगाया जाए। कल शौकत मोल्ला के समर्थकों ने आईएसएफ कार्यकर्ताओं पर बम फेंका।

# प्रज्वल रेवन्ना छह जून तक एसआईटी की कस्टडी में

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सेक्स स्कैंडल के मुख्य आरोपी सांसद प्रज्वल रेवन्ना को बेंगलुरु कोर्ट ने शुक्रवार (31 मई) को छह दिन की एसआईटी की कस्टडी में भेजा है। वे गुरुवार रात 35 दिन बाद जर्मनी से भारत पहुंचे थे। बेंगलुरु के कैम्पेगौड़ा एयरपोर्ट पर फ्लाइट लैंड होने के बाद रात करीब एक बजे एसआईटी ने उन्हें कस्टडी में लिया था। प्रज्वल को टीम उक्ळ ऑफिस ले गई, जहां उन्हें रातभर रखा गया था। प्रज्वल को गिरफ्तार करने के लिए महिला पुलिस भेजी गई थी।

गिरफ्तारी के बाद आज सुबह पूछताछ से पहले एसआईटी प्रज्वल को बॉरिंग और लेडी कर्जन हॉस्पिटल में मेडिकल के लिए ले जाया गया था। वहीं, उनके वकील अरुण भी एसआईटी ऑफिस में मौजूद रहे थे। मेडिकल के बाद प्रज्वल को मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया गया था।

एसआईटी प्रज्वल का पोटेंसी टेस्ट कराने पर भी विचार कर रही है। पोटेंसी टेस्ट यह पता लगाने के लिए किया जाता है कि रेप का आरोपी सेक्शुअल हमला कर सकता है या नहीं। उधर, एसआईटी ने प्रज्वल की मां भवानी रेवन्ना से पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया है। टीम ने ने उन्हें 1 जून को होलेनरसीपुर में अपने घर पर मौजूद रहने कहा है।

# जेल में मुझे प्रताड़ित करने की फिर होगी कोशिश-केजरीवाल

## केंद्र सरकार और जेल अधिकारियों पर लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की 21 दिन की जमानत कल खत्म हो रही है। इससे पहले उन्होंने शुक्रवार (31 मई) को वीडियो जारी कर केंद्र सरकार और जेल अधिकारियों पर खुद को प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा- देश को तानाशाही से बचाने के लिए जेल जा रहा हूं। मैं परसों तीन बजे सरेंडर करूंगा। इस बार मेरे प्राण चले जाएं तो गम मत करना। जेल में मुझे प्रताड़ित करने की फिर कोशिश होगी। इन्होंने मुझे झुकाने की कोशिश पहले भी की है, लेकिन ये सफल नहीं हुए। मैं जब जेल में था तो इन्होंने मुझे बहुत प्रताड़ित किया। मेरी दवाइयां रोक दी थीं। मैं 30 साल से डायबिटीज का मरीज हूं। मुझे 10 साल से इंसुलिन के इंजेक्शन लग रहे हैं।



दरअसल, शराब नीति घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों को लेकर एऊने केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। 10 मई को सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें अंतरिम जमानत दी थी। उन्हें 2 जून को तिहाड़ जेल में सरेंडर करने को कहा गया था।

जेल में मैं 50 दिन था। इन 50 दिनों में मेरा छह किलो वजन कम हुआ। डॉक्टर कह रहे हैं कि मुझे कई टेस्ट कराने की जरूरत है। मेरी यूरिन में कीटोन का लेवल भी बढ़ा हुआ है।

मेरे हौसले बुलंद है। इस बार भी मैं झुकूंगा नहीं। आप खुश रहेंगे तो केजरीवाल भी खुश रहेगा। मैं आपके बीच नहीं आऊंगा, लेकिन आपके सारे काम होते रहेंगे। मैं जहां भी रहूं, दिल्ली के काम नहीं रुकेंगे। अस्पताल, मोहल्ला क्लिनिक, फ्री बस सेवा जैसी सभी योजनाएं चलती रहेंगी। मैंने हमेशा आपके परिवार का बेटा बन के अपना फर्ज निभाया है।

आज मैं अपने परिवार के लिए आपसे कुछ मांगना चाहता हूं। मेरे माता-पिता बुजुर्ग हैं। मुझे जेल में उनकी चिंता लगी रहती है। मैं चाहता हूं कि दिल्ली की जनता मेरे माता-पिता का ख्याल रखे। मेरी पत्नी सुनीता बहुत मजबूत हैं। उन्होंने हर मुश्किल वक्त में मेरा साथ दिया है। मुश्किल वक्त में परिवार एक हो जाता है। हम सब मिलकर तानाशाही से लड़ रहे हैं।

### योग कार्यक्रम में शख्स को अटैक, मौत

**इंदौर।** इंदौर के एक योग केंद्र में शुक्रवार को देशभक्ति गीत पर परफॉर्म कर रहे शख्स नाचते-नाचते मंच पर गिर पड़े। वे 'मां तुझे सलाम' गाने पर आर्मी यूनिफॉर्म पहनकर और हाथ में तिरंगा लेकर प्रस्तुति दे रहे थे। उनके मंच पर गिरने को परफॉर्मेंस का हिस्सा समझकर सामने बैठे लोग तालियां बजाते रहे। तिरंगा दूसरे शख्स ने उठाया और लहराता रहा। गीत खत्म हुआ तो लोग उनके पास पहुंचे। कुछ सेकेंड इंतजार किया, लेकिन जब कोई रिस्पॉन्स नहीं आया तो उन्हें सीपीआर दिया गया। इसके बाद वे कुछ देर के लिए उठकर बैठ गए और पूछने लगे कि मुझे क्या हो गया? उन्हें अरिहंत अस्पताल ले जाया गया। वहां ईसीजी हुआ। चेकअप करने के कुछ देर बाद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने हार्ट अटैक की आशंका जताई है।

# नमामी गंगे परियोजना में हुआ व्यापक भ्रष्टाचार- कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नमामि गंगे परियोजना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है जिसे वाराणसी की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि 'निवर्तमान प्रधानमंत्री' का 'निवर्तमान सांसद' भी बनना तय है। वाराणसी संसदीय क्षेत्र में एक जून को मतदान होगा। यहां से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार हैं। उनके खिलाफ कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंसइ ('इंडिया') की तरफ से अजय राय को उम्मीदवार बनाया गया है।

रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'एक जून को प्राचीन और पवित्र शहर वाराणसी में वोट डाला जाएगा। नरेन्द्र मोदी 10 साल से यहां के सांसद हैं। गंगा को साफ करने के वादे के 10 साल हो चुके हैं।' उन्होंने कहा, सत्ता में आने के तुरंत बाद उन्होंने, 2009 में शुरू होने के बाद से चल रहे मिशन गंगा का नाम बदलकर नमामि गंगे किया। मिशन गंगा के दो प्रमुख उद्देश्य थे: निर्मल गंगा



और अविरल गंगा। प्रधानमंत्री मोदी ने गंगा के प्राकृतिक प्रवाह को बहाल करने के उद्देश्य को पूरी तरह से त्याग दिया है।

उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती मनमोहन सिंह सरकार ने गंगा पर राज्य और केंद्र सरकार की पहल के समन्वय के लिए 2009 में राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन प्राधिकरण की स्थापना की थी। रमेश ने दावा किया, इस महत्वपूर्ण संस्थान को भी प्रधानमंत्री ने पहले राष्ट्रीय गंगा नदी परिषद का नाम दिया और फिर 10 वर्षों के लिए इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। राष्ट्रीय गंगा परिषद की 10 वर्षों में केवल 2 बार बैठक हुई है! 2022 के बाद से कोई बैठक नहीं हुई है। कांग्रेस नेता के अनुसार, अंत में ऐतिहासिक रूप से सात आईआईटी का एक संघ साथ आया और गंगा नदी बेसिन की सुरक्षा और कायाकल्प के लिए एक 'गंगा नदी बेसिन एक्शन प्लान' की सिफारिश की। कई वॉल्यूम की अंतिम रिपोर्ट मोदी सरकार को सौंपी गई लेकिन इस रिपोर्ट पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने दावा किया, पिछली सरकारों के काम को आगे बढ़ाने और विशेषज्ञों की राय को सुनने के बजाय, प्रधानमंत्री ने अपने प्रयासों को नए सिरे से शुरू करने में करोड़ों रुपए खर्च किए। उन्होंने पूरी तरह से जल शुद्धिकरण पर ध्यान केंद्रित करना चुना, विशेष रूप से सीवेज उपचार के लिए जिसपर पिछले दस वर्षों में 20,000 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। रमेश ने कहा, पानी साफ करने के लिए नए सिरे से शुरू किए गए काम का कोई परिणाम नहीं मिला है। प्रदूषित नदी क्षेत्रों की संख्या 51 से बढ़कर 66 हो गई है। फरवरी 2024 में बिहार सरकार की एक रिपोर्ट में पाया गया कि गंगा का पानी नहाने या फसलों की सिंचाई तक के लिए भी सुरक्षित नहीं है।

परिवर्तन दूत



# श्मशान पर शवों की लंबी कतार

## पांच-छह घंटे इंतजार के बाद मिल रहा शवदाह का नंबर, 300 पहुंची संख्या

### घाटों पर लकड़ियों और पूजा सामग्री तक की किल्लत

परिवर्तन दूत





**वाराणसी (सं.)।** वाराणसी के महाश्मशान मणिकर्णिका पर शवदाह के लिए महाजाम की स्थिति बन गई है। यही स्थिति हरिश्चंद्र घाट की भी है। घाट से लेकर गलियों तक शवयात्रियों की भीड़ लगी हुई है। तीन दिनों में तापमान बढ़ने के बाद शवदाह के लिए आने वालों की संख्या में पांच गुना का इजाफा हुआ है। गुरुवार की मध्य रात्रि में तो शवयात्रियों की भीड़ ऐसी उमड़ी की घाट से लकड़ियां और पूजन सामग्री तक की किल्लत हो गई। बीती रात लगभग तीन सौ से अधिक शवों का अंतिम संस्कार किया गया।

शुक्रवार की दोपहर तक मणिकर्णिका घाट पर शवदाह के लिए अनवरत कतार लगी रही। तापमान में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी के बाद मणिकर्णिका घाट पर बीती रात शवदाह करने वालों की लंबी लाइन लग गई थी। हालत यह हो गई कि मैदागिन के साथ ही भैंसासुर घाट से लेकर मणिकर्णिका तक शवयात्री ही नजर आ रहे थे।

जगह कम होने और भीड़ अधिक होने के कारण एक शव को जलाने के लिए पांच से छह घंटे का इंतजार करना पड़ रहा था और दूसरी ओर से शवयात्रियों के आने का सिलसिला भी बना हुआ है। मशान नाथ सेवा समिति के संजय गुप्ता ने बताया कि भीड़ बढ़ने के कारण पहली बार मणिकर्णिका घाट से शवों को हरिश्चंद्र घाट के लिए रवाना कर दिया गया। महाश्मशाननाथ सेवा समिति के महामंत्री बिहारी लाल गुप्ता ने बताया कि गरमी बढ़ने के कारण दो दिनों में शवदाह के लिए भीड़ का दबाव अचानक बढ़ गया है। बीती रात तो भीड़ अप्रत्याशित हो गई। मणिकर्णिका घाट की ओर जाने वाली गली में से हर दो मिनट में एक शवयात्रा गुजर रही थी।

घाट पर रहने वाले त्रिलोक नाथ भैरव ने बताया कि आम दिनों में शवयात्रियों की संख्या 50 से 60 होती है लेकिन बीती रात तीन सौ से अधिक शवयात्री घाट पर पहुंचे। आम दिनों की अपेक्षा पांच गुना अधिक संख्या बढ़ गई है। तापमान बढ़ने के कारण आसपास के जिलों में भी मरने वालों की संख्या में इजाफा हुआ है। डोम राजा ओम चौधरी ने बताया कि कोरोना काल के बाद यह पहला मौका है जब अचानक शवदाह करने वालों की भीड़ इतनी ज्यादा बढ़ी है।

# बिजली कटौती का सिलसिला जारी

## ट्रांसफार्मर को ठंडा करने के लिए अब बर्फ का सहारा

### एक सप्ताह में दर्ज हुआ 3500 शिकायत

परिवर्तन दूत





**वाराणसी (सं.)।** प्रचंड गर्मी के बीच बिजली कटौती ने भी रिकॉर्ड बनाया है। पिछले 24 घंटे में 30 मिनट की 17 बार ट्रिपिंग हुई। वहीं, फॉल्ट की शिकायतों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। बिजली निगम के आपात नंबर और मंडलवार बने मॉनीटरिंग केंद्रों पर पिछले एक सप्ताह में करीब 3500 शिकायतें दर्ज की गईं। बिजली विभाग द्वारा लगातार आपूर्ति को दुरुस्त करने के लिए तमाम प्रयास किया जा रहा हैं। बिजली निगम ने निर्माण के नाम लिए जाने वाले लंबे समय के शटडाउन पर रोक लगा दी है। फॉल्ट होने पर छोटा और आवश्यक शटडाउन दिया जा रहा है। डिस्कॉम निदेशक ने लंबे शटडाउन पर रोक लगाई है। बेहद गंभीर स्थिति में ही बिजली बंद रखने की इजाजत दी जाएगी। वाराणसी के तमाम सब स्टेशन पर ट्रांसफॉर्मर को ठंडा करने के लिए न सिर्फ कूलर लगाए गए। बल्कि उसमें बर्फ भी डाला जा रहा है। जिससे ठंडी हवा मिले और ट्रांसफार्मर का टेम्परेचर मेंटेन रहे। इतना ही नहीं इसकी लगातार मॉनिटरिंग भी की जा रही है। जेई और एसडीओ स्तर के अधिकारी सब स्टेशन पर डटे है। भेलूपुर एसडीओ नीरज बिंद ने बताया कि इस प्रयोग से बिजली कटौती की समस्या काफी कम हुई है। ट्रिपिंग भी नहीं हो रहा है। इतना ही नहीं ट्रांसफॉर्मर जलने के चांसेज भी इससे कम हुए है। बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार हुआ है।

# अहिल्याबाई होलकर जयंती पर बाबा का जलाभिषेक

### पाल समाज ने निकाली शोभायात्रा

परिवर्तन दूत




**वाराणसी (सं.)।** अहिल्याबाई होलकर की जयंती के अवसर पर पाल विकास समिति के तत्वावधान में पाल बघेल धनगर समाज की ओर से बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक किया गया। इस दौरान शोभायात्रा भी निकाली गई। इसमें डमरू दल के साथ ही महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने कई मांगें उठाईं। अहिल्याबाई घाट से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। सबसे पहले अहिलेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया गया। इसके बाद राजेंद्र प्रसाद घाट से बांसफाटक तक शोभायात्रा निकालकर पहुंचे। बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक और दर्शन-पूजन किया। सदस्यों ने अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की।

इसके अलावा बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर में लगी अहिल्याबाई की मूर्ति का नामकरण और छतरी लगाने, गोदौलिया चौराहे को अहिल्याबाई चौराहा का नाम देने, श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास में पाल समाज के एक व्यक्ति को शामिल करने की मांग की। इस दौरान बालू राम पाल, रामआसरे पाल, रामचंद्र पाल, ओमप्रकाश दरोगा जी, राजबली पाल, भैयालाल, सुभाष, कमलेश पाल, संतोष पाल, डा. आरजे पाल, डॉ बीएन पाल, संजीव, आरके पाल, सुधीर, मुन्ना, रमेश पाल, नरेंद्र पाल, रेखा पाल, विपिनचंद पाल, राहुल पाल, सुरेश पाल समेत अन्य रहे।

# तंबाकू स्वास्थ्य के लिए हानिकारक


**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। यह संदेश तंबाकू उत्पादों के साथ ही अलग-अलग माध्यम से प्रसारित भी किया जाता है। बावजूद लोग तंबाकू छोड़ नहीं पा रहे हैं। हर महीने बीएचयू में 500 नये मरीज सर्जिकल आंकोलॉजी की ओपीडी में पहुंच रहे हैं। इन मरीजों में सबसे ज्यादा जर्दा, सुर्ति, तंबाकू खाने वाले थे। कई लोगों का मुंह पूरी तरह से नहीं खुल पाता तो कुछ के मसूढ़ों में सूजन रहती है। जांच के बाद ज्यादातर में कैंसर की पुष्टि होती है। 40 मरीजों की हर महीने सर्जरी भी की जाती है। तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों और बचाव के बारे में जागरूक करने के लिए हर साल 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है।

# अस्पतालों में अचानक बढ़ने लगे मरीज

### गर्मी का कहर

### दूसरे वॉर्ड में किया जा रहा शिफ्ट, इमरजेंसी में भी जगह नहीं

परिवर्तन दूत



वाराणसी (सं.)। नौतपा और भीषण गर्मी के कारण अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। लोगों को सिर और पेट दर्द की शिकायतें ज्यादा हो रही हैं। बीएचयू, मंडलीय और जिला अस्पताल के साथ सीएचसी-पीएचसी केंद्रों पर जाकर लोग अपना इलाज करा रहे हैं। वहीं कुछ अस्पतालों में इमरजेंसी वॉर्ड फुल हो गए हैं। कई मरीजों को दूसरे वॉर्ड में शिफ्ट किया जा रहा है। ओपीडी में भी मरीजों की कतार लगी रही।कबीर चौरा स्थित मंडलीय अस्पताल में 24 घंटे में ही मरीजों का आंकड़ा 50 के पार हो गया है। पैथोलॉजी के लिए भी भारी भीड़ रही। चौकाघाट स्थित राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल में भी मरीजों की भीड़ में इजाफा दिखा। वहीं, दीनदयाल अस्पताल की इमरजेंसी में करीब 130 मरीज पहुंचे थे।

बीती रात वाराणसी के कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई थी। इस कारण शुक्रवार की सुबह रूक-रूक कर बादलों की आवाजाही हो रही थी। वहीं मापमान में भी थोड़ी गिरावट नजर आई। हल्की-हल्की नम हवाओं और उमस से आमजन बेहाल दिखा। सुबह 10 बजे ही तापमान 38 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। मौसम विज्ञानियों की मानें तो अगले सप्ताह से राहत के आसार है। दीनदयाल अस्पताल के ट्रामा सेंटर में बीती रात से ही एकाएक इमरजेंसी में मरीजों की संख्या बढ़ गई है, जिससे वहां पर अफरातफरी का माहौल हो गया। अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिग्विजय सिंह ने मरीजों की लगातार आवक को देखते हुए ट्रॉमा सेंटर में तत्काल प्रभाव से चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टॉफ की अलग से ड्यूटी लगा दी है। अस्पताल में चारों तरफ कूलर की व्यवस्था की गई है, ताकि लू आदि से आए मरीजों व तीमारदारों को सहूलियत मिल सके।

लू लगे मरीजों को आइस पैक के साथ ही पर्याप्त मात्रा में ओआरएस घोल देने के बाद उनका उपचार किया जा रहा है। अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक खुद इमरजेंसी में राउंड कर स्थिति को जांच रहे हैं। शुक्रवार को भी मरीजों का लगातार आना बना रहा।

# तंबाकू पदार्थों को किया आग के हवाले

परिवर्तन दूत



**वाराणसी।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर काशियाना फाउंडेशन, भगवान दास फाऊंडेशन, कर्तव्य फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में अस्सी घाट पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्थाओं के सदस्यों ने तंबाकू पदार्थों को आग के हवाले कर लोगों को इसकी लत छोड़ने के लिए जागरूक किया। इस दौरान तंबाकू से होने वाले नुकसान से भी आगाह किया।

काशियाना संस्था के संस्थापक व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सदस्य सुमित ने कहा कि सभी से आग्रह है कि वे तंबाकू सेवन से दूर रहें। अपने प्रियजनों को भी इस घातक आदत से बचने के लिए प्रेरित करें। तंबाकू छोड़ना कठिन हो सकता है, लेकिन सही सहायता और संकल्प के साथ, इसे संभव बनाया जा सकता है। तंबाकू निषेध दिवस पर, आइए हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि हम एक स्वस्थ और तंबाकू मुक्त भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाएंगे।

तम्बाकू का सेवन वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरा है। हर साल लाखों लोग तंबाकू से संबंधित बीमारियों के कारण अपनी जान गंवाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, तंबाकू का उपयोग हर साल 8 मिलियन से अधिक लोगों की मौत का कारण बनता है, जिसमें से लगभग 1.2 मिलियन लोग धूम्रपान न करने वाले होते हैं जो अप्रत्यक्ष रूप से धूम्रपान के धुएं के संपर्क में आने से प्रभावित होते हैं।इस दौरान भगवान दास फाउंडेशन के आशीष गुप्ता, देवेश सिंह, भावेश सेठ, आशीष कुमार, कर्तव्य फाउंडेशन से धनंजय यादव, आशीष राय आदि रहे।

# गर्मी से राहत के लिए नगर निगम ने लगवाया स्प्रिंकलर

### काशी के पर्यटकों को मिल रहा गर्मी से राहत

परिवर्तन दूत



**वाराणसी (सं.)।** जिले में गर्मी के प्रकोप को देखते हुए नगर निगम ने गोदौलिया चौराहे पर स्प्रिंकलर लगवाया हैं। इसके अलावा मिस्ट गन से भी रोस्टरवार सड़कों और भीड़ वाले इलाकों में पानी का छिड़काव कराने की शुरूआत की गई है। स्प्रिंकलर के लगने के बाद इसके नीचे खड़े होकर गर्मी से राहत पाने के लिए लोगों की होड़ मची रही। हर कोई इसके नीचे खड़े होकर ठंडे फुहारे का आनंद लेता हुआ दिखाई दिया। सुबह 7 से शाम 7 बजे तक चलेगा स्प्रिंक्लर मशीन : इस मशीन को लगाने वाले वर्कर ने बताया कि गोदौलिया चौराहे पर सुबह 7 से शाम 7 बजे तक यह स्प्रिंक्लर मशीन चलेगी। जिसमें हर घंटे दो लीटर पानी की खपत होगी। 12 घंटे में 24 लीटर पानी को स्प्रे की बूंदों के रूप में यह वातावरण में फेंकेगा। एक मिनट यह मशीन चलेगी और 15 सेंकेड के लिए बंद हो जाएगी। इसके आसपास के वातावरण के तापमान में 5 से 7 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी। शहर के 74 स्थानों पर शुरू होगी पहल : नगर निगम के पीआरओ संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि यह अभी पहली मशीन लगाई गई है। ऐसे और भी जगहों पर मशीन लगाई जाएंगी। वहीं, भीड़भाड़ वाले 74 स्थानों को चिह्नित किया गया है।

# हत्या के मामले में आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

परिवर्तन दूत









**वाराणसी (सं.)।** पुरानी रंजिश को लेकर सब्जी कारोबारी की लाठी-डंडे से पीटकर हत्या करने के मामले में आरोपित को कोर्ट से राहत नहीं मिली। विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) अनिल कुमार पंचम की अदालत ने पुरानापुल, सारनाथ निवासी रोमियो उर्फ राजकुमार उर्फ अमित डोम उर्फ आर्यन उर्फ पाण्डेय की जमानत अर्जी अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी। अदालत में वादिनी की ओर से अधिवक्ता अनुज यादव, अजय पाल व मो. आसिफ ने पक्ष रखा।

प्रकरण के अनुसार वादिनी मुकदमा गुंजा देवी ने सारनाथ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि उसके पति बबलू सोनकर 21 जुलाई 2023 को पहाड़िया मंडी के समीप स्थित पंचक्रोशी सब्जी शुभ कुंज लान के बगल में 9.20 बजे रात्रि खड़े थे। उसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर वहां पहले से घात लगाये लवकुश, नीरज डोम, रोमियो उर्फ अमित डोम, नत्थू सोनकर व शोएब एक राय होकर एक साथ मिलकर लाठी-डंडे व ईंट-पत्थर से उसके पति को बुरी तरह से मारने-पीटने लगे। जिससे उसके पति गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। अदालत में वादिनी के अधिवक्ताओं ने दलील दी कि आरोपितों ने पुरानी रंजिश को लेकर हत्या करने की नियत से ही जानबूझकर सिर पर गंभीर रूप से प्रहार किया, जिससे वादिनी के पति की मृत्यु हो गई। आरोपितों का कृत्य गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। अदालत ने पत्रावली के अवलोकन के बाद आरोपित की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

## संक्षिप्त खबरे...

### वीडीए सचिव ने माडल बूथों का लिया जायजा




**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा ने शुक्रवार को माडल बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान बूथों पर इंतजाम देखा। उन्होंने आयोग के मानक के अनुरूप मतदाताओं की सहूलियत के लिए सभी इंतजाम कराने के निर्देश दिए। मॉडल बूथों पर गुब्बारों से भव्य गेट की सजावट कराई गई है। वहीं छाया के लिए टेंट, रेड कारपेट, सेल्फी प्वाइंट, प्लेक्स पोस्टर, पीने के पानी के लिए मटका, कागज के गिलास, डस्टबिन, नींबू पानी, पंखे और कूलर आदि की व्यवस्था है। वीडीए सचिव ने समस्त तैयारी मुकम्मल करने के निर्देश दिए। संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को हिदायत दी कि किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए, वरना कार्रवाई तय है। निरीक्षण के दौरान संयुक्त सचिव परमानंद यादव, नाजीर सुरेंद्र तिवारी, पीआरओ पीयूष श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### मतदान करने वालों को पिलाएंगे शिकंजी

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए न्यू इंडियन क्लब की ओर से खास पहल की गई है। चेतगंज क्षेत्र के मंशाराम फाटक में स्टाल लगा कर उन लोगों को शिकंजी पिलाई जाएगी जो मतदान करके लौटेंगे। क्लब के संस्थापक सदस्य अनूप जायसवाल ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए जनसेवा और मतदाता प्रोत्साहन की दिशा में यह छोटा सा प्रयास है। उन्होंने बताया कि मंशाराम फाटक क्षेत्र में शिकंजी का स्टाल सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक लगाया जाएगा।

# बरेका में सेवानिवृत्त हुए छह कर्मी, दी गई भावभीनी विदाई

परिवर्तन दूत



**वाराणसी (सं.)।** बरेका के कीर्ति कक्ष में शुक्रवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बरेका से मई 2024 में सेवानिवृत्त होने वाले 6 कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी गई। उन्हें संचित धन का सही तरीके से निवेश करने की सलाह दी गई। वहीं स्वस्थ व सुखी जीवन की कामना की।

समारोह में सेवानिवृत्त कर्मचारी जैस्सी चाको, प्रेम कुमार, दिनेश कुमार सिंह, अशोक कुमार वर्मा, राधे श्याम एवं अनिल कुमार वर्मा को प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी जनार्दन सिंह ने मेडल एवं फोल्डर भेंट कर ससम्मान भावभीनी विदाई दी। साथ ही उन्हें स्वस्थ रहने एवं समाज कल्याण से संबंधित कार्य से जुड़े रहने तथा अधिकांश समय परिवार के साथ व्यतीत करने की सलाह दी।

लेखा एवं कार्मिक विभाग के सहयोग से सेवानिवृत्त कर्मियों को एकमुश्त भुगतान किया गया है। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को बरेका कर्मचारी परिषद के सदस्यगण एवं परिसर स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया तथा बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रतिनिधियों ने उपहार भेंट कर शुभकामनाएं दी गईं। कार्मिक विभाग के तत्वावधान में आयोजित विदाई समारोह का संचालन वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/मुख्यालय राज कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तन्मय आनंद, जन संपर्क अधिकारी राजेश कुमार, बरेका इंटर कॉलेज के प्राचार्य अशोक कुमार महेश्वरी, कर्मचारी परिषद के संयुक्त सचिव श्रीकांत यादव के साथ ही कर्मचारी परिषद के सदस्यगण अमित कुमार, संतोष कुमार यादव, मनीष कुमार सिंह, मुख्य कर्मशाला कल्याण निरीक्षक चंदन पांडेय, कमलेश श्रीवास्तव रहे।

# तंबाकू सेवन से बढ़ सकती हैं टीबी-सीएमओ

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस

परिवर्तन दूत



**वाराणसी (सं.)।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से जन जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दुगार्कुंड स्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में सीएमओ डॉ संदीप चौधरी ने समस्त अधिकारियों और कर्मियों को तम्बाकू निषेध को लेकर शपथ दिलाई। हस्ताक्षर अभियान में सीएमओ समेत समस्त अधिकारियों व कर्मियों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। इसके जरिये लोगों को तंबाकू का सेवन न करने के लिए जागरूक किया गया।

सीएमओ ने कहा कि तम्बाकू न सिर्फ धूम्रपान के रूप में घातक हैं, बल्कि यह गुटका, खैनी आदि के तौर पर भी व्यक्तियों के लिए बेहद नुकसानदायक है। इन तम्बाकू उत्पादों के सेवन से रोग-प्रतिरोधक क्षमता सामान्य व्यक्तियों से बेहद कम होती है। इसके सेवन से व्यक्ति को फेंफड़े की टीबी, मुंह, गले, फेंफड़े का कैंसर आदि गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। यदि महिलाएं भी धूम्रपान कर रही हैं, तो उन्हें गर्भावस्था के दौरान या प्रसव संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इसका असर उनके पेट में पल रहे भ्रूण पर भी हो सकता है। वहीं ऐसे लोग पहले से दमा (अस्थमा) से ग्रसित हैं उनके लिए तंबाकू उत्पादों का सेवन और भी मुश्किलें बढ़ा सकता है।

एसएसपीजी मंडलीय चिकित्सालय में प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसपी सिंह के नेतृत्व एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ मुकुन्द श्रीवास्तव की मौजूदगी में शपथ ग्रहण समारोह, हस्ताक्षर अभियान और जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसआईसी डॉ एसपी सिंह ने कहा कि आजकल युवाओं में धूम्रपान का चलन लगातार बढ़ रहा है। धूम्रपान से युवाओं में रोग-प्रतिरोधक क्षमता कम हो रही है। धूम्रपान करने से टीबी के मरीजों में वजन में कमी होने की आशंका भी बढ़ जाती है जो सम्पूर्ण उपचार में बाधा बनती है। हर टीबी मरीज को संदेश दिया जाता है कि वह तम्बाकू सेवन की अपनी आदतों को खुल कर चिकित्सक को बताएं। इस मौके पर नोडल अधिकारी व एसीएमओ डॉ आर प्रसाद, जिला सलाहकार डॉ सौरभ प्रताप सिंह, साइकोलोजिस्ट अजय श्रीवास्तव ने तम्बाकू निषेध पर विचार रखे। बताया कि कबीरचौरा स्थित एसएसपीजी मंडलीय चिकित्सालय के कमरा नंबर 50 में तम्बाकू नशा उन्मूलन केंद्र पर परामर्शदाता की टीम के द्वारा सोमवार, मंगलवार और गुरुवार को परामर्श ले सकते हैं। इसके अलावा अन्य कार्य दिवसों में टीम क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को जागरुक करने का कार्य कर रही है। तम्बाकू उन्मूलन को लेकर हेल्प लाइन नंबर 1800-11-2356 के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी शेषमणि, डॉ वाईबी पाठक एवं जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ से सोशल वर्कर संगीता सिंह, डीईओ ऋषि सिंह एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

# मतदान केंद्रों पर पहुंची पोलिंग पार्टियां

## मतदान के प्रति पोलिंग पार्टियों में उत्साह देखने को मिला

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** जिले में एक जून को मतदान होगा। ऐसे में पोलिंग पार्टियां को लोकसभा क्षेत्र के पांच विधानसभाओं के लिए रिजर्व पुलिस लाइन और यूपी कालेज से अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंच चुकी है। इस दौरान पोलिंग पार्टियों में गजब का उत्साह देखने को मिला। जर्मन हैंगर से बने पंडाल में मौजूद पोलिंग पार्टियां पंखे और पानी के लिए परेशान दिखीं। यहां कूलर लगे थे पर वो नाकाफी थे। वहीं कुछ पोलिंग ऑफिसर की पहली बार मतदान में ड्यूटी लगाई गई है। वो अपनी ड्यूटी को लेकर काफी उत्साहित दिखीं।

वाराणसी के पिंडरा इलाके के करेमुआ में सहायक अध्यापक के रूप में कार्यरत ममता पांडेय की पहली बार मतदान ड्यूटी में लगी है। उन्होंने बताया की पहली बार ड्यूटी लगी है। काफी एक्साइटमेंट है। लहरतारा के पास प्राइमरी स्कूल में बने मतदान केंद्र पर ड्यूटी लगी है।





उन्होंने युवाओं से मतदान की अपील की। कहा कि जैसे घर के जरूरी काम के लिए हम मौसम नहीं देखते हैं वैसे ही मतदान भी बहुत जरूरी है। सभी लोग घर से निकले और वोट दें। इस दौरान ममता ने अपनी सहकर्मी के साथ फोटो भी ली। पुलिस लाइन में व्यवस्थाओं को लेकर उन्होंने कहा कि ममता ने कहा कि जर्मन हैंगर लगा है। लेकिन हवा इतनी गर्मी में हवा की समुचित व्यवस्था नहीं है।

स्नेहा सिंह की ड्यूटी काजिसद उल्लाहपुर में पोलिंग स्टेशन पर लगी है। स्नेहा यूको बैंक की शाखा प्रबंधक हैं और कानपुर से ट्रांसफर होकर वाराणसी आई हैं। स्नेहा ने बताया कि वो 13 साल से जॉब में हैं और साल 2019 का इलेक्शन में कानपुर में ड्यूटी कर चुकी हैं। स्नेहा ने व्यवस्थाओं पर कहा कि जर्मन हैंगर लगाया गया है पर एक भी पंखा नहीं है। इतनी गर्मी में बिना हवा के रहना मुश्किल है। अंदर कूलर तो लगाया गया है लेकिन इतनी भीड़ में ये व्यवस्था नाकाफी है।



ऐसे में हम लोग पेड़ के नीचे आकर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि यहां जो हुआ ठीक है। उम्मीद है कि पोलिंग सेंटर पर हमारे रहने और खाने की व्यवस्था सही हो।

पीठासीन अधिकारी की पोस्ट पर ड्यूटी के लिए जा रहे महेश सिंह ने बताया कि कई बार मतदान करवा चुके हैं। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र पर सबसे आवश्यक साफ-सफाई और फर्नीचर की चाहिए। इसके अलावा प्रकाश की व्यवस्था सबसे अधिक है। वहीं सहायक अध्यापिका बबली ने बताया कि मेरी ड्यूटी खजुरी में लगी है। उन्होंने बताया कि इसके पहले भी ड्यूटी किया है लेकिन इस बार इतनी गर्मी है इससे थोड़ी परेशानी हो रही है।

एक अन्य पी-2 अधिकारी श्वेता सिंह ने कहा कि यह मेरा दूसरा मौका है जब लोकतंत्र के महापर्व में जिम्मेदारी मिली है। पहली बार मौसम भी अच्छा था। बूथ पर व्यवस्था भी अच्छी थी क्योंकि वह मॉडर्न स्कूल था। श्वेता ने कहा कि इस बार प्राइमरी स्कूल में ड्यूटी है। उम्मीद है यहां भी सुविधा ठीक होगी। श्वेता से जब व्यवस्थाओं के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि धूप नहीं लग रही पर उमस बहुत है।

वाराणसी में लोकसभा चुनाव के लिए वाराणसी में 1909 मतदेय स्थल और 660 मतदान केंद्र पर वाराणसी और चंदौली के लिए मतदान होगा। इसमें वाराणसी की 5 विधानसभाओं में कुल 19 लाख 97 हजार 577मतदाता अपना वोट डालेंगे।

## जिलाधिकारी ने पोलिंग पार्टी रवाना स्थलों का किया निरीक्षण



**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी एस राजलिंगम तथा डीआईजी एस चन्नप्पा द्वारा आज पोलिंग पार्टी रवाना स्थलों का दौरा किया गया। भ्रमण के दौरान रवाना हो रही पोलिंग पार्टियों से बातचीत की और पूछा कि ईवीएम व अन्य सामग्री प्राप्त करने किसी प्रकार की समस्या तो नहीं हो रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी जगतपुर डिग्री कालेज व इंटर कालेज पहुंचे और पार्टी रवानगी का हाल जाना। इस दौरान पार्टियों को लेकर जाने वाली बसों को क्रमानुसार खड़ी कराया गया था, जिससे बसों तक पहुंचने में पार्टियों को दिक्कत न हो और अनावश्यक देरी न हो।




## वोटर आईडी नहीं है फिर भी दे सकते हैं वोट

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** वोटर लिस्ट में यदि किसी वोटर का नाम है और उनके पास पहचान-पत्र/निर्वाचन कार्ड नहीं है। तो उन्हें घबराने की आवश्यकता नहीं है। निर्वाचन आयोग ने इसके लिए कई विकल्प दिए हैं। जिससे कि वोटर हर हाल में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। इन विकल्पों के अंतर्गत आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक या डाकघर की फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय से जारी स्वास्थ्य बीमा कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैनकार्ड हैं। इनके अतिरिक्त अन्य विकल्प को रूप में राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत भारत के महारजिस्ट्रार की ओर से जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, सांसदों-विधायकों-विधान परिषद के सदस्यों के सरकारी पहचान-पत्र और विशिष्ट दिव्यांगता पहचान-पत्र यानि यूडीआईडी का प्रयोग किया जा सकता है।

## पोलिंग ऑफिसर फर्स्ट की मौत

परिवर्तन दूत

**वाराणसी।** लोकसभा चुनाव के लिए एक जून को मतदान होगा। इसके लिए शुक्रवार को पोलिंग पार्टियां मतदेय स्थलों के लिए रवाना की गई थी। इसी क्रम में वाराणसी की कैंट विधानसभा के नुआंव प्राथमिक विद्यालय के बूथ संख्या 345 के पोलिंग ऑफिसर फर्स्ट अब्दुल्लाह अंसारी की मौत हो गई। जगतपुर इंटर कालेज से रवाना की जा रही पोलिंग पार्टी के साथ बजरडीहा के मदरसे में कार्यरत सहायक अध्यापक अब्दुल्लाह अंसारी बस में ही बेहोश हो गए थे। सहकर्मी उन्हें निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अब्दुल्लाह के भाई नासिर ने बताया कि उनकी भी ड्यूटी लगी है और भाई ने चलने से पहले उन्हें फोन किया था। सब कुछ ठीक था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आला अधिकारियों को सूचित किया। इसके बाद परिजनों को सूचना देते हुए शव को शिवपुर पोस्टमार्टम



हाउस की मोर्चरी भेज दिया गया है।

पूरी तरह स्वस्थ थे अब्दुल्लाह अंसारीः मदरसा के अध्यापक ने बताया कि सहायक अध्यापक अब्दुल्लाह अंसारी चढ़े तो वह पूरी तरह से स्वस्थ थे। वह दो भाई थे दोनों ही मदरसा में पढ़ाते थे। उन्होंने बताया कि उनके भाई भी चुनाव ड्यूटी अमरपट्टी कंपोजिट स्कूल बूथ संख्या 293 शिवपुर में लगे हुए हैं। अब्दुल्लाह अंसारी के 2 बच्चे और 3 बच्चियां है। एक बच्ची की शादी हो चुकी है और बाकी सभी पढ़ाई करते हैं। चुनाव ड्यूटी में लगे दूसरे भाई नासिर से की थी बात : अब्दुल्ला के भाई नासिर अंसारी ने बताया कि उनको बीपी और शुगर की बिमारी थी।

## 20 महिलाओं में सगड़ी का वितरण

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** हरहुआ विकास खंड के अंतर्गत जन विकास समिति मुर्दहा में आज शुक्रवार को हरहुआ व पिंडरा ब्लॉक की 20 ग्रामीण महिलाओं को आजीविका पहल के लिए सगड़ियां दिया गया। आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जादावतारा गांव, पिंडरा, वाराणसी में एक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया।

फादर चंद्रन रिमंड्स, जे.वी.एस के कार्यकारी निदेशक ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की भूमिका पर जोर दिया जाना जरूरी है, जिससे घर और समुदाय के भीतर अधिक गरिमा और सम्मान मिलता रहे। महिलाओं ने स्थानीय बाजारों में सब्जियां, फल बेचने और छोटे भोजनालय चलाने जैसी गतिविधियों में शामिल होकर प्रति दिन 300 से 500 रूपए के बीच कमाने का विश्वास व्यक्त जताया।

## मतदान के लिए जनपद में तैयार हुए 820 मॉडन बूथ

### जिला प्रशासन ने काशीवासियों से की अपील

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** जिले में एक जून को होने वाले मतदान के लिए जिले में 820 मॉडल बूथ बनाए गए हैं। इनमें नगर निगम ने 12 और वीडीए ने 10 बूथ बनाया है। इनके अलावा अन्य विभाग भी मॉडल बूथ तैयार कर रहे हैं। इन बूथ के एंट्री पॉइंट पर भव्य गेट बनेगा। मतदान स्थल पर सेल्फी पॉइंट, पीने के लिए पानी का मटका, डस्टबिन, नींबू-पानी आदि व्यवस्थाएं होंगी।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला प्रशासन ने 26 माध्यमिक और 120 बेसिक स्कूलों को मॉडल मतदान केंद्र के रूप में चुना गया है। मॉडल मतदान केंद्रों को अंतिम रूप दिया जा रहा हैं। मॉडल मतदान केंद्रों पर टेंट लगाने के साथ ही बिजली लाइन, पंखा, बल्ब आदि को चेक कर दुरुस्त किया गया। मॉडल मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए खास इंतजाम करने का निर्देश दिया गया है। नगर आयुक्त ने नगर निगम के द्वारा बूथों पर एएमएफ के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यो का निरीक्षण किया। प्रॉपर टेंट की व्यवस्था, कुर्सी टेबल की व्यवस्था कलर एवं पंखे की व्यवस्था प्रॉपर रैंप बने हुए हैं




कि नहीं लोगों को पीने की पानी की व्यवस्था हेतु कैम्फर लगाए जाने शौचालय की समय.समय पर सफाई व्यवस्था के निर्देश दिए गए। नगर निगम के द्वारा बारह बूथों को माडल बूथ बनाया जा रहा है, जहां पर मुख्य रूप से सभी सुविधायें उपलब्ध होंगी, जिसमें धूप से बचाव के लिए शेड बनाया गया है, रेड कार्पेट बिछाया जा रहा है। आकर्षक गेट लगाया गया है। पीने का पानी, कागज का ग्लास, पंखे कूलर की व्यवस्था, सेल्फी प्वाइंट बैनर होर्डिंग, गेट का निर्माण जिसे गुब्बारों से सजाया जा रहा है। सीडीओ हिमांशु नागपाल ने बताया कि वाराणसी में इस बार कुल 19,97,577 वोटर हैं। जिसमें महिलाओं की संख्या 9,13,692 है और पुरुषों की 10,83,750 है। वहीं फर्स्ट टाइम वोटर 37,226 है। शहर में कुल मतदेय स्थल 1909 और मतदान केंद्रों की संख्या 660 है। चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए 127 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 18 जोनल मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है।

### मॉडल केंद्रों पर ये होगी व्यवस्थाएं


- मतदान केंद्र में जहां से प्रवेश होगा, वहां भव्य गेट बनाया जाएगा।
- मॉडल मतदान केंद्र को रंग बिरंगे गुब्बारे से सजाया जाएगा।
- मतदान केंद्र पर टेंट और रेड कारपेट की व्यवस्था की जाएगी।
- सेल्फी पॉइंट और फ्लेक्स पोस्टर की व्यवस्था की जाएगी।
- पानी भरा मटका रखा जाएगा। नींबू-पानी, शिकंजी की व्यवस्था।
- मतदाताओं के लिए पंखे और कूलर लगाए जाएंगे।

## मतदान के दिन बंद रहेगा विश्वनाथ धाम के दो द्वार

### सुरक्षा की दृष्टि से लिया गया फैसला

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** में लोकसभा चुनाव को लेकर 1 जून को मतदान होगा। ऐसे में शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के दो पोलिंग स्टेशन श्रीकाशी विश्वनाथ धाम जाने वाले ढुंढिराज गणेश और सरस्वती फाटक पर भी बनाए गए हैं। इसको देखते हुए मंदिर प्रशासन ने ढुंढिराज गणेश से पड़ने वाले धाम के गेट नंबर एक और सरस्वती फाटक गेट नंबर दो को बंद रखने का फैसला लिया है। विश्वनाथ धाम के कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने बताया कि लोकतंत्र का महापर्व एक जून को काशी में मनाया जाएगा और लोग मतदान देकर लोकतंत्र को मजबूत करेंगे। विश्वनाथ धाम के गेट नंबर एक ढुंढिराज गणेश और गेट नंबर दो सरस्वती फाटक पर पोलिंग



बूथ है। ऐसे में मंदिर प्रशासन ने इन दोनों द्वार से एक जून को धाम में प्रवेश निषेध रखने का फैसला लिया है। दोनों ही द्वार सुरक्षा की दृष्टि से बंद रहेंगे। उन्होंने आगे बताया कि वाराणसी में लगातार श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ का दर्शन पूजन करने के लिए आ रहे हैं। एक जून को भी श्रद्धालुओं के ज्यादा तादाद में आने का अनुमान है। ऐसे में गंगा द्वार और गेट नंबर चार से ही एक जून को दर्शन कराया जाएगा। दो ही गेट से दर्शन होने पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए खास इंतजाम किए गए हैं। मंदिर प्रशासन के आंकड़ों की माने तो पिछले एक साल में मंदिर में दर्शनार्थियों के आने का सिलसिला बढ़ गया है।

## विदाई समारोह का आयोजन

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** सुधाकर महिला पीजी कॉलेज में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें जूनियर छात्राओं ने सीनियर छात्राओं को विदाई दी। एक से बढ़ कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सीनियर छात्राओं ने कॉलेज में आने से लेकर जाने तक के यादगार लम्हे को साझा किया। कार्यक्रम के दौरान बीएससी छात्राओं ने नृत्य, गीत, कैटवाक आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम से धमाल मचा दिया। बॉलीवुड गीतों पर शानदार प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में चारचांद लगा दिया। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक परिधानों में सजी छात्राओं ने मंच पर सधे कदमों से प्रस्तुति दी तो दर्शक दीर्घा में बैठे लोग मंत्रमुग्ध दिखे। इस दौरान कई प्रतियोगिताएं भी हुई। इसमें आयुषी दूबे को प्राइड ऑफ सुधाकर महिला, ईशा मिश्रा को मिस फेयरवेल, रिया उपाध्याय को मिस ब्यूटीफूल, जिज्ञास ने मिस स्माइल किलर का खिताब अपने नाम किया। प्राचार्य डॉ. प्रभु नारायण दूबे ने कहा कि आज के दौरा में बेटियां हर क्षेत्र में आगे हैं।

## बंद मकान को चोरों ने बनाया निशाना

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** जिले के शिवपुर थानाक्षेत्र के परमानंदपुर गांव में सीआरपीएफ के एएसआई पद पर बंगलौर में तैनात राजेश कुमार के बंद मकान को चोरों ने निशाना बनाया। घर में लगे सीसीटीवी के डीवीआर और घर में रखा घरेलू सिलेंडर भी चोर चुरा ले गए। शुक्रवार को सुबह जब घर आए तो देखे की सामने का गेट टूटा हुआ है, और घर में समान बिखरा पड़ा हुआ है। तो मामले की सूचना पुलिस को दी,सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर वापस चले गए। जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ के एएसआई जीडी बंगलौर में तैनात राजेश कुमार मूल रूप से वाराणसी के लोहता थानाक्षेत्र के बनकट गांव के रहने वाले हैं। जो शिवपुर थानाक्षेत्र के परमानंदपुर गांव में मकान बनवाकर रहते है। जिनके दो बेटे हैं। जो दिल्ली में पढ़ाई करते हैं। जिनकी देखरेख करने के लिए राजेश कुमार की पत्नी सुशीला देवी भी दिल्ली में रहती हैं। पिछले 6 माह पूर्व



सब लोग घर आए थे। ताला बंद करके सब दिल्ली चले गए। घर की देखरेख करने के लिए घर के सामने दो-दो सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए।

## व्यापारी से 2.30 लाख लेकर भागे उचक्के

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** मिर्जापुर से बर्तन की खरीदारी करने आए व्यापारी से उचक्के 2.30 लाख रुपये लेकर चंपत हो गए। भुक्तभोगी ने चेतगंज थाना में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है। मिर्जापुर के हरगढ़ निवासी जयशंकर सेठ बैग में 2.30 लाख रुपये लेकर बस से वाराणसी पहुंचे। उन्होंने बताया कि कैंट स्टेशन से मैदागिन जाने के लिए आटो में बैठे। आटो में दो लोग पहले से ही बैठे थे। थोड़ी दूर जाने के बाद एक व्यक्ति और आटो में बैठ गया। उन्होंने आपत्ति जताई तो आटो वाले ने कहा कि आगे चेकिंग हो रही है। उसके बाद उसे आगे बैठा लेगा। इसी दौरान जयशंकर के बाईं तरफ बैठा व्यक्ति आटो से निकलकर अचानक भागा।

आटो पिपलानी कटरा के पास पहुंचा तो चालक ने कहा कि पेट्रोल खत्म हो गया है। आप लोग दूसरे आटो में बैठ जाएं। उनके साथ दो अन्य भी आटो से उतर गए। आटो कुछ दूर जाने के बाद रुका और वे दोनों दौड़कर आटो में बैठ गए।

## जयंती पर महारानी अहिल्याबाई होलकर को अर्पित किए श्रद्धा सुमन

परिविर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के पुनरोद्धार में अपना अप्रतिम योगदान देने वाली महारानी अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर याद किया गया। विश्वनाथ कारिडोर स्थित अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा श्रद्धा सुमन अर्पित कर काशी विश्वनाथ मंदिर के लिए किए गए उनके योगदान को याद किया गया। धाम में सायंकाल सांस्कृतिक संध्या का कार्यक्रम रखा गया है। श्री काशी विश्वनाथ न्यास के सदस्यगण एवं अधिकारियों ने धाम स्थित माता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर सनातन धर्म में अतुल्य योगदान का पुण्य स्मरण किया। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के अर्चक पं. श्रीकांत मिश्र, न्यास के अधिकारीगण अपर मुख्य कार्यपालक निखिलेश मिश्र, एसडीएम शंभूशरण, ओएसडी उमेश प्रताप सिंह तथा अन्य कार्मिकों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में पुष्पार्पण



एवं श्रद्धास्मरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। वक्ताओं ने कहा कि सनातन लोकचेतना को स्फूर्त एवं जीवंत रखने में माता अहिल्याबाई होलकर का अप्रतिम योगदान है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के भी अनेकानेक बार खंडन एवं पुनरोद्धार के संकटपूर्ण इतिहास में वर्तमान स्वरूप के लिए अहिल्याबाई होलकर का योगदान अविस्मरणीय है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास सनातन धारा के महापुरुषों एवं महनीय मातृशक्ति की महान कथाओं को संरक्षित, प्रचारित एवं लोकप्रचलित कर सनातन प्रेरणापुंज को सदैव प्रज्वलित रखने हेतु कृत्संकल्प है।

## दिन में तापमान 47 डिग्री के पार

### रात में बूंदाबादी, दो दिन बाद थोड़ी राहत के आसार

परिवर्तन दूत

**वाराणसी।** शुक्रवार की सुबह बादलों के साथ हुई। हालांकि दिन चढ़ने के साथ ही धूप और गर्मी ने असर दिखाना शुरू कर दिया। सुबह 8 बजे हल्की धूप रही, लेकिन गर्मी व उमस से राहत नहीं है। गुरुवार को एक बार फिर तापमान 47 डिग्री को पार कर गया। तीखी धूप और हीट वेव के चलते जनमानस बेहाल रहा। इसकी चपेट में आकर लोग बीमार पड़ रहे। इससे अस्पतालों में भी भीड़ बढ़ गई है। दो दिन बाद हीट वेव से थोड़ी राहत मिल सकती है। हालांकि गर्मी व उमस से फिलहाल निजात नहीं मिलती दिख रही।

गुरुवार की दोपहर तक पारा तेजी से ऊपर गया और सामान्य से



लगभग 7 डिग्री की छलांग लगाते हुए 47 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। दोपहर में हीट वेव ने भी झुलसाया। इससे पूरा शहर तवे की तरह तप रहा। शाम को आसमान में बादलों की आवाजाही शुरू हुई। वहीं रात लगभग 12 बजे बूंदाबादी हुई। रात में ठंडी हवा भी चली, लेकिन दिन भर की तपिश के सामने यह नाकाफी रही। बूंदाबादी से राहत मिलने की बजाय उसम और गर्मी बढ़ गई। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो दो जून से हीट वेव से थोड़ी राहत मिल सकती है। पूर्वांचल के कुछ जिलों में बारिश के आसार हैं। इससे थोड़ी राहत मिल सकती है।

## तंबाकू निषेध दिवस पर ग्रामीणों को किया जागरूक

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** के चौबेपुर में कोदोपुर गांव स्थित उमाकांत सर्विस फाउंडेशन के तत्वावधान में शुक्रवार को विश्व तंबाकू दिवस पर लोगो को तंबाकू से होने वाले जन हानि नुकसान की जानकारी दी गयी। लोगों को तंबाकू का सेवन न करने और युवाओं को तंबाकू की लत से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। इससे होने वाली हानि को मद्य निषेध एवं समाजोत्थान अधिकारी निर्मालिका सिंह ने तंबाकू निषेध पर प्रकाश डाला। तंबाकू के सेवन से मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव, तंबाकू का पर्यावरण पर पड़ने वाला दुष्प्रभाव आदि पर चर्चा किया। अधिकारी निर्मालिका सिंह ने कहा कि तंबाकू से एक वर्ष में 84 मेगाटन से अधिक ग्रीन हाउस गैस का उत्सर्जन होता है। मृदा और जल संरक्षण को दूषित करता है। लोगों ने शपथ ली कि तंबाकू का ना तो सेवन करेंगे और ना करने देंगे। लोगों को इसके हानि की जानकारी देते हुए बचाव के लिए प्रेरित करेंगे।



# संपादकीय

## आशा की खिड़की

निश्चय ही इसे भारत व पाक के संबंधों के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण कहा जा सकता है। पाक के पूर्व प्रधानमंत्री तथा वर्तमान सत्ता की धुरी नवाज शरीफ ने अब पच्चीस साल बाद माना है कि उनके देश ने 1999 के लाहौर घोषणापत्र का उल्लंघन किया था। निश्चित रूप से इस स्वीकारोक्ति ने एक बार फिर कारगिल युद्ध के गहरे जख्मों को फिर से हरा कर दिया है। दरअसल, मंगलवार को सत्तारूढ़ पीएमएल-एन के अध्यक्ष पद की ताजपोशी के वक्त पार्टी की जनरल काउंसिल की बैठक में नवाज शरीफ ने यह बात कही। अपरोक्ष रूप से पाकिस्तान ने स्वीकार किया है कि भारत की पहल पर शुरू की गई शांति की पहल को इस घटनाक्रम ने पलीता लगाया था। यह एक हकीकत है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के शांति प्रयासों व उनकी लाहौर यात्रा को कारगिल के घात से आघात लगा था। जिसके चलते 21 फरवरी 1999 को हस्ताक्षरित लाहौर घोषणा से क्षेत्र में शांति व स्थिरता की कोशिशों पर पानी फिर गया था। समझौते के कुछ ही महीने बाद पाक सेना के संरक्षण में पाक घुसपैठियों की कोशिश ने फिर एक युद्ध जैसा रूप ले लिया था। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि शरीफ द्वारा पिछली गलती को स्वीकार करना क्या संबंधों में विश्वास बहाली का मार्ग प्रशस्त करना है या फिर कोई दुरभिसंधि की कोशिशें हैं? क्या वे पाक हुकमरानों को फिर से भारत के प्रति अपने दृष्टिकोण के पुनर्मूल्यांकन के लिए प्रेरित कर रहे हैं? क्या शरीफ का नेतृत्व आत्मनिरीक्षण के जरिये दोनों देशों के संबंधों को फिर से पटरी पर लाने की ईमानदार कोशिश कर रहा है? बहरहाल, भारत व पाक संबंधों की वर्तमान स्थिति के मद्देनजर शरीफ का कबूलनामा व्यापक भू-राजनीतिक संदर्भों में महत्वपूर्ण पहल कही जा सकती है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि वर्ष 2019 के पुलवामा हमले के बाद दोनों देशों के राजनयिक संबंध बेहद खराब दौर में पहुंच गये थे। जिसके बाद दोनों देशों ने अपने मिशनों का स्तर तक कम किया था।

बहरहाल, अस्थिरता से घिरे इस क्षेत्र में नवाज शरीफ की हालिया टिप्पणी संबंधों में सुधार-सुलह के लिये एक नई खिड़की तो खोलती ही है। निश्चित रूप से वक्त का तकाजा है कि ऐतिहासिक कटुताओं को पार्श्व में रखकर कूटनीतिक रणनीतियों पर नये सिरे से विचार किया जाए। यह भी जरूरी है कि बातचीत के लिये नये रास्ते तलाशने हेतु इस मौके को अवसर में बदला जाए। भले ही पाकिस्तान आर्थिक व राजनीतिक रूप से बेहद कमजोर स्थिति में हो , हमें भविष्य मे शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की संभावनाओं को फिर से परिभाषित करने का प्रयास करना चाहिए। शरीफ के बयान को इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जाना चाहिए कि फिलहाल पाकिस्तान में नवाज शरीफ के भाई शहबाज शरीफ गठबंधन सरकार में प्रधानमंत्री हैं। साथ ही नवाज सत्तारूढ़ दल पीएमएल-एन के अध्यक्ष चुने गये हैं। कहीं न कहीं शरीफ के हालिया बयान का एक निष्कर्ष यह भी हो सकता है कि पाकिस्तान में लोकतांत्रिक ढंग से चुनी सरकारें तो दोनों देशों के बेहतर संबंध बनाने के लिये प्रयत्नशील रहती हैं लेकिन ऐसी कोशिशों को पलीता लगाने का काम पाक सेना करती है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि भारत पर हुए तमाम बड़े आतंकवादी हमले बिना पाक सेना की ट्रेनिंग व मदद के संभव नहीं थे। आतंकवादियों को मिला परंपरागत सेना जैसा प्रशिक्षण ही भारतीय सेना व सुरक्षा बलों के लिए मुश्किलें पैदा करता रहा है। हाल-फिलहाल भी सेना परदे के पीछे से पाकिस्तान की सियासत को नियंत्रित करती रही है। हालांकि, भारत ने वर्ष 2014 के बाद भी पाक से संबंध सुधारने के प्रयास किये थे, लेकिन राजग सरकार का मानना रहा है कि आतंकवादियों पर सख्त नियंत्रण के बिना संबंध सामान्य बना पाना संभव नहीं है। पठानकोट व पुलवामा के हमलों ने यह दशार्या कि पाक बात व घात के खेल को साथ-साथ चलाना चाहता है। ऐसे में जब भारतीय आम चुनाव की प्रक्रिया अंतिम चरण में है, तो नया जनादेश पाने वाली सरकार ही दोनों देशों के संबंधों की दशा-दिशा तय करेगी।



बिस्व भरन पोषन कर जोई।
ताकर नाम भरत असहोई।।

# चुनावी नफे-नुकसान के गणित में न झुलसे समरसता




उस दिन अखबारों के पन्ने पलटते हुए अचानक एक समाचार पर नजर पड़ गयी। समाचार दक्षिण भारत के किसी कस्बे का था जहां के मुसलमानों ने अपने हिस्से की कुछ जमीन मंदिर बनाने के लिए दान कर दी थी। वैसे यह कोई अनोखा समाचार नहीं है, इस तरह की घटनाएं हमारे देश में घटती रही हैं जहां हिंदू या मुसलमान धार्मिक सौहार्द का परिचय देते रहे हैं। कभी हिंदुओं-मुसलमानों द्वारा रामनवमी साथ मिलकर मनाने और कभी ईद मिल-जुलकर मनाने का समाचार मिल जाता है। कुछ अर्सा पहले बंगाल में एक मंदिर में नमाज पढ़े जाने का समाचार आया था। इसी तरह कहीं एक हिंदू ने कब्रिस्तान के लिए जमीन दे दी थी। यह सब देखते हुए दक्षिण भारत के एक कस्बे में मुसलमान द्वारा मंदिर के निर्माण के लिए अपनी जमीन देने का समाचार बहुत चौंकाता नहीं है।

फिर भी वह समाचार पढ़कर यूं ही मन में ख्याल आया कि चुनाव के दौरान जिस तरह का वातावरण देश में जाने-अनजाने बनाया जा रहा है उसमें इस तरह के समाचार को भीतर के किसी पन्ने लायक ही क्यों समझा गया? क्यों विस्तार से इस बारे में बात नहीं हुई। फिर, न जाने क्यों मैं दिन के कुछ और अखबारों के पन्ने पलट गया। मुझे कुछ अटपटा लगा जब किसी और अखबार में वह समाचार नहीं दिखा! होना चाहिए था यह समाचार अखबारों में। खासकर तब जबकि देश में हो रहे चुनावों के चलते सांप्रदायिक तनाव की घटनाएं कुछ ज्यादा ही दिखने लगी हैं। हम अक्सर अपनी गंगा-जमुनी तहजीब पर गर्व करते हैं। यह तहजीब है भी गर्व करने लायक। पर आज जिस तरह राजनीतिक नफे-नुकसान के गणित ने हमारी इस तहजीब का चेहरा विकृत कर दिया है, उसे देखते हुए किसी मुसलमान द्वारा मंदिर के निर्माण के लिए अपनी जमीन देने की घटना का समाचार किसी एक अखबार के भीतरी पन्ने में छोटी-सी जगह पाने से कहीं अधिक महत्व पाने का हकदार माना जाना चाहिए। हमने अपने संविधान में अपने देश को धर्मनिरपेक्ष घोषित किया है। इसका यह अर्थ कदापि नहीं है कि हम अधार्मिक हो गये हैं। इसका सीधा-सा अर्थ है हम सब धर्मों को समान दृष्टि से देखते हैं। यहां की सरकार किसी एक धर्म को तरजीह नहीं देगी। धर्म के नाम पर किसी के साथ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होगा हर एक को अधिकार होगा कि वह अपने ढंग से पूजा-अर्चना कर सके, अपनी आस्था के अनुसार जी सके। लेकिन इस आम चुनाव के प्रचार-काल में जिस तरह धर्म को वोट पाने-मांगने का माध्यम बनाया गया। उसे देखकर उन सबको चिंता होनी चाहिए जो देश के संविधान में आस्था रखते हैं और जिन्हें देश की गंगा-जमुनी सभ्यता पर गर्व है। प्रचार के दौरान जिस तरह धर्म के नाम पर ध्रुवीकरण के प्रयास हुए हैं वह चिंता की बात तो है ही, शर्म की बात भी है। देश के शीर्ष नेतृत्व से इस तरह की बातें सुनना किसी भी विवेकशील नागरिक को परेशान करने वाली बात होनी चाहिए। चुनावी सभा में हमारे नेता जहां एक ओर “सबका साथ, सबका विकास” की दुहाई देते हुए राज्य की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सबको मिलने की बात कह रहे थे, वहीं तुष्टीकरण का तर्क देकर विपक्ष को आरोपी भी बना रहे थे। 75 साल तक एक पंथ-निरपेक्ष व्यवस्था में जीने के बाद इस तरह के ध्रुवीकरण का एक ही मतलब हो सकता है हम पंथ-निरपेक्षता की बात तो करते हैं, पर उसमें विश्वास नहीं करते। या तो ध्रुवीकरण के पक्षधर अपने आप को धोखा दे रहे हैं, या फिर दूसरों की समझ में शक करते हैं। हमारे संविधान निमार्ताओं ने बहुत सोच-समझकर पंथ-निरपेक्षता को स्वीकारा था। यहां इस बात को नहीं भुलाया जाना चाहिए कि जब हमारा संविधान बन रहा था तो वही समय देश के विभाजन का भी था। यह भी नहीं भूला जा सकता कि इस विभाजन का मूल आधार धर्म ही था। यही नहीं, विभाजन के परिणामस्वरूप बने नए देश पाकिस्तान ने स्वयं को मुस्लिम राष्ट्र घोषित भी कर दिया था। लाखों शरणार्थियों का एक से दूसरे देश की ओर पलायन मनुष्यता के इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदियों में से एक है। संविधान-सभा में यह तर्क भी दिया गया था कि जब धर्म के आधार पर देश का विभाजन हुआ है तो फिर भारत को हिंदू राष्ट्र क्यों न घोषित किया जाये। पर मनुष्यता में विश्वास करने वालों की संख्या अधिक थी— धर्म के नाम पर देश का बंटवारा भले ही हुआ था, पर हमारे नेतृत्व ने भारतीय समाज को हिंदू-मुसलमान में बांटना स्वीकार नहीं किया। लेकिन यह दुर्भाग्य ही है कि बंटवारे के इस आधार को मानने वाले आज भी देश में हैं। आज भी धर्म के नाम पर समाज को बांटने की कोशिशें होती हैं। सांप्रदायिक सोच वाली यह राजनीति वोट जुटाने का साधन भले ही मानी जा रही हो, पर यह भारत की आत्मा को चोट ही पहुंचा रही है। इन चुनावों में भी हमने देखा है कि धर्म के नाम पर खुले आम वोट मांगे गये हैं। मजे की बात यह है कि देश का शीर्ष नेतृत्व यह कहता है कि वह “हिंदू-मुसलमान नहीं करता” और उन्हीं के दल की असम सरकार का मुखिया स्पष्ट स्वीकारता है कि वह ऐसी राजनीति करता है और वह इसमें कुछ गलत नहीं मानता। गलत है यह सांप्रदायिकता वाली राजनीति। गलत है वे जो यह मानते हैं कि इस देश का अल्पसंख्यक दूसरे दर्जे का नागरिक है। तुष्टीकरण की राजनीति को कोसने वाले यह भूल जाते हैं कि ध्रुवीकरण एक तरफा नहीं होता, यदि देश के मुसलमानों का वोट बैंक बनता है तो उससे कहीं बड़ा, बहुत बड़ा वोट बैंक हिंदुओं का बन जाता है। पिछले आम-चुनाव के समय एक राजनेता ने स्पष्ट कहा था कि उन्हें देश के बीस प्रतिशत अल्पसंख्यकों की आवश्यकता नहीं है— वे आश्वस्त थे कि देश की बहुसंख्यक आबादी के अस्सी प्रतिशत उन्हें समर्थन देंगे। अस्सी प्रतिशत किसी का वोट बैंक नहीं। सारे बहुसंख्यकों के प्रतिनिधित्व का दावा करने वालों को कभी चालीस प्रतिशत से अधिक वोट नहीं मिले। इसका अर्थ है साठ प्रतिशत मतदाता उनकी सांप्रदायिक राजनीति के समर्थक नहीं हैं। विवेक का तकाजा है कि सांप्रदायिकता की राजनीति करने वालों को सफल न होने दिया जाये। हो चुका एक बार धर्म के नाम पर देश का बंटवारा । धर्म के नाम पर राजनीति करने वालों को यह याद रखना चाहिए कि देश में, या समाज में, इस तरह का बंटवारा निजी स्वार्थों की पूर्ति का माध्यम भले ही बन जाये, कुल मिलाकर उसे मनुष्यता के खिलाफ एक षड्यंत्र ही माना जायेगा। दक्षिण भारत के उस कस्बे में मंदिर के निर्माण के लिए मुसलमानों ने, और बंगाल के एक मंदिर में नमाज पढ़ने की सुविधा देकर हिंदुओं ने मनुष्यता की राह में दीपक जलाये हैं। ये छोटे-छोटे उदाहरण हैं जो एक बड़े उद्देश्य की पूर्ति के संभव बनने का आश्वासन देते हैं। बड़ा उद्देश्य इस देश के हर नागरिक को अहसास करना है कि यह देश उसका है, हम सब विभिन्न धर्मों में भले ही आस्था रखते हों, पर हैं हम सब भारतीय। भारतीयता का यह पवित्र अहसास जगना चाहिए हमारे भीतर। सांप्रदायिकता फैलाना अपने आप में एक गंभीर अपराध है। ऐसा करने वालों को उचित दंड मिले, वे यह अपराध करने से डरें, ऐसी कोई व्यवस्था होनी चाहिए। चुनाव-प्रचार के दौरान और अन्यथा भी यदि कोई अपनी कथनी या करनी से समाज में सांप्रदायिकता फैलाने की कोशिश करता है तो उसे अपराध के रूप में लिया जाना चाहिए। चुनाव आयोग का भी दायित्व बनता है कि वह इस दिशा में गंभीरता से सोचे, धर्म के नाम पर वोट मांगना और धर्म के नाम पर वोट देना दोनों गलत हैं। गलत को सही ठहराने की हर कोशिश का विरोध होना चाहिए। जागरूक नागरिक का दायित्व है कि वह ऐसी हर कोशिश को विफल बनाने का एक माध्यम बने।

### कीमत वोट की

**ऐसी आंधी चली है देखो सत्ता के गलियारों में**
**कर रहे हैं सभी प्रयोग अपने अपने हथियारों से**
**अपनी अपनी ताकत का अधिकार दिखाना चाहते**
**साम दाम और दंड भेद से जीत है पाना चाहते**
**मगर लोकतंत्र में लोगों मन्थन करो यहां मन से**
**चुनो यहां तुम आज उसी को जुड़ा हुआ हो जो जन से**
**अपने एक वोट की कीमत आज यहां पहचानो तुम**
**चले लोकहित को लेकर जो उसे यहां पर जानो तुम**
**अगर साथियों आज यहां तुम चूक कोई कर जाओगे**
**सुन लो मेरी बात यहां फिर पांच साल पछताओगे**
**अपने हित को छोड़ यहां रखो समाज को ही पहले**
**वोट की ताकत यहां दिखाओ ताकि स्वार्थ यहां दहले**
**जो विकास की बात करे उसे ही लोगों तुम चुनना**
**फंसना नहीं कहीं भी तुम झूठे वादों को मत गुनना।**



अनामिका शर्मा "अनु"
परिवर्तन दूत

## आज का राशिफल




**मेष**- व्यवस्थित, परिस्थितियाँ अनुकूल, मित्रों से सहयोग, लाभ का सुयोग भी, शेष समय विपरीत, कार्य अधूरे, मान-सम्मान में कमी।

**वृषभ**- कार्य-व्यवसाय में सफलता, धर्म में आस्था, मनोरंजन में रुचि, पारिवारिक खुशी, मित्रों से सहयोग, बकाए धन की प्राप्ति, दाम्पत्य जीवन में मधुरता।

**मिथुन**- स्वास्थ्य अनुकूल, कार्य प्रगति पर, आमोद- प्रमोद, ज्ञान-विज्ञान में रुचि, संत समागम, नूतन-पुरातन मित्रों से योजना पर विचार-विमर्श, प्रसन्नता।

**कर्क**- उलझनें, आपसी संबंधों में कटुता, क्रोध की अधिकता, धन हानि, कष्ट, शेष समय आशाजनक, सामाजिक गतिविधियों में रुझान।

**सिंह**- विनियोजित धन का प्रतिफल, परिश्रम के अनुरूप सफलता, शेष समय असंतोषजनक, विवाद की आशंका, उपलब्धि में विलम्ब।

**कन्या**- विचाराधीन योजना कार्यरूप में परिणित, आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, आपसी सलाह से कामयाबी, सामाजिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि।

**तुला**- कठिनाइयों की निवृत्ति, मनोवांछित सफलता का सुयोग, धन की प्राप्ति, आपसी संबंधों में प्रगाढ़ता, धार्मिक कार्य में रुचि, यात्रा प्रसंग, यश में वृद्धि ।

**वृश्चिक**- कार्यों के प्रति उदासीनता, परिस्थितियों में व्यतिक्रम, हानि की आशंका, शेष समय अनुकूल, व्यापार में धन निवेश, सुसमाचार की प्राप्ति।

**धनु**- सफलता, आरोग्य सुख, व्यावसायिक प्रगति, धन लाभ, शेष समय प्रतिकूल, आर्थिक हानि, पारस्परिक सम्बन्धों में कटुता, यात्रा कष्ट।

**मकर**- व्यवसायिक अनुकूलता, पारिवारिक कठिनाइयों के निवारण हेतु नवप्रयास आवश्यक, मनोविनोद का सुयोग, श्रेष्ठ जनों के सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त।

**कुम्भ**- आर्थिक प्रगति, नवयोजना पर मित्रों-स्वजनों से विचार-विमर्श, सुसंदेश की प्राप्ति से हर्ष, मनोरंजन की ओर प्रवृत्ति, संभावित यात्रा सुखद, मन प्रसन्न।

**मीन**- उलझनें, व्यापारिक हानि, क्रोध की अधिकता, अपव्यय, शेष समय प्रगतिकारक, अधूरे कार्य बनने की ओर, लाभ का मार्ग प्रशस्त।

## विपथगा

**गतांक से आगे...**

वह फिर चुप हो गई। दोनों हाथों से अपनी कमीज का कॉलर और गले का रूमाल पकड़कर कुछ देर मेरी ओर देखती रही। फिर एका-एक झटका देकर कमीज और रूमाल फाड़ती हुई बोली, देखो, अध्यापक! ऐसा सौंदर्य तुमने कभी देखा है? उसका मुख जो कि रूमाल और टोपी से ढ़का हुआ था, अब एकदम स्पष्ट दीख रहा था। उसके नीचे उसका गला और वक्ष खुला हुआ था... उसका वह अपूर्व लावण्य, वह प्रस्फुटित सौंदर्य, अधरों पर दबी हुई विषादयुक्त मुस्कान, हेमवर्ण कंठ और वक्ष... ऐसा अनुपम सौंदर्य सचमुच मैंने पहले नहीं देखा था... मेरे शरीर में बिजली दौड़ गई–फिर मैंने दृष्टि फेर ली... किंतु उसकी वह आँखें-विस्फारित, निर्निमेष... उनका वह तुषारकणों की तरह शीतल प्रदीपन... उनमें विराग, क्रोध, करुणा, व्यथा की अनुपस्थिति... वह शुक्रतारे की हरित ज्योति...! यह है बलि! यह स्त्री का रूप है माइकेल क्रेस्की की मुक्ति का मूल्य! मैंने चाहा, कुछ कहूँ, चिल्लाऊँ, पर बहुत चेष्टा करने पर भी आवाज नहीं निकली! उसने, उस नर-पिशाच गोरोव्स्की ने, मेरे पास आकर कहा, मेरिया इवानोव्ना, तुम अपूर्व सुंदरी हो–तुम्हारे लिए अपने भाई को छुड़ा लेना साधारण-सी बात है... मुझ पर मानो बिजली गिरी। क्षण-भर मुझे इस शर्त का पूरा अभिप्राय भी न समझ आया। फिर समुद्र की लहरों की तरह मेरे हृदय में क्रोध उमड़ आया। मेरा मुख लाल हो गया। मैंने कहा, पापी! कुत्ते! और तीव्र गति से बाहर निकल गई। किंतु पीछे उसकी हँसी और ये शब्द सुनाई पड़े–कल शाम तक प्रतीक्षा है, उसके बाद–बाहर ठंडी हवा में आकर मेरी सुध कुछ ठिकाने आई। मैं शांत होकर सोचने लगी, मेरा कर्त्तव्य क्या है? माइकेल क्रेस्की का गौरव अधिक है या... उन्हें मर जाने दूँ? कभी नहीं! छुड़ाऊँ तो कैसे? इसी आशा में बैठी रहूँ कि शायद पुलिस को पता न लगे? प्रतारणा! कहीं वे उन्हें पहचान गए तो...! पीटर्सबर्ग से किसी को बुलाऊँ? पर उसके लिए समय कहाँ है! अकेली क्या करूँगी? वह शर्त...! प्रधान, हमारा कार्य, देश, राष्ट्र! इसके विरुद्ध क्या है? एक स्त्री का सतीत्व...! मैंने निर्णय कर लिया। शायद मुझसे गलती हुई, शायद इस निर्णय के लिए संसार, मेरे अपने क्रांतिवादी बंधु, मेरे नाम पर थूकेंगे, शायद मुझे नरक की यातना भोगनी पड़ेगी... पर जो यातना मेरे निर्णय करने में सही है, उससे अधिक नरक में भी क्या होगा? वह फिर ठहर गई। अबकी बार मुझसे नहीं रहा गया। मैंने अत्यंत व्यग्रता से पूछा, क्या निर्णय किया है? अभी यहीं से जनरल कोल्पिन के घर जाऊँगी। पर सुनो, अभी मेरी कहानी समाप्त नहीं हुई। आज छः बजे मैं कर्नल गोरोव्स्की के घर गई। मेरे आते ही वह हँसकर बोला, मेरिया, तुम जितनी सुंदर हो, उतनी ही बुद्धिमती भी हो। इज्जत तो बार-बार बिगड़कर भी बन जाती है, भाई बार-बार नहीं मिलते! मैंने सिर झुकाकर कहा, हाँ, आप साहब से कहला भेजें कि मुझे उनकी शर्त मंजूर है। वह उस समय वर्दी उतार कर रख रहा था। बोला, तुम यहीं ठहरो, मैं टेलीफोन पर कहे देता हूँ। वह कोने में टेलीफोन पर बात करने लगा। उसकी पीठ मेरी ओर थी। मुझे एका-एक कुछ सूझा... मैंने म्यान में से उसकी तलवार निकाल ली–दबे-पाँव जाकर उसके पीछे खड़ी हो गई। टेलीफोन पर बातचीत हो चुकी–गोरोव्स्की उसे बंद करके घूमने को ही था कि मैंने तलवार उसकी पीठ में भोंक दी! उसने आह तक नहीं की–अनाज की बोरी की तरह भूमि पर बैठ गया। फिर मैंने उसकी लोथ उठाकर खिड़की से बाहर डाल दी और भाग निकली! मैंने पूछा, तुम्हारे इन हाथों में इतनी शक्ति! वह हँस पड़ी, बोली, मैं क्रांतिकारिणी हूँ–यह देखो! उसने तलवार उठाई, एक हाथ से मूठ और दूसरे से नोक थामकर बोली, यह देखो! देखते-देखते उसने उसे चपटी ओर से घुटने पर मारा–तलवार दो टूक हो गई! उसने वे दोनों टुकड़े मेरी मेज पर रख दिए। मैंने पूछा, अब क्या करोगी? अब कोल्पिन के यहाँ जाऊँगी। क्रेस्की को छुड़ाऊँगी। उसके बाद? उसके बाद- उसने अपनी जेब में हाथ डालकर एक छोटा-सा रिवाल्वर निकाला। यह भी गोराव्स्की के यहाँ से मिल गया। पर–इसका क्या करोगी? प्रयोग! कहकर उसने उसे छिपा लिया। इसके बाद शायद चार-पाँच मिनट फिर कोई न बोला। मैंने उसकी सारी कहानी का मन-ही-मन सिंहावलोकन किया। उसमें कितनी वीभत्सता, कितनी करुणा थी! और उसका दोष क्या था? केवल इतना ही कि वह क्रांतिकारी थी! एका-एक मुझे एक बात याद आ गई! मैंने पूछा, तुमने कहा था कि तुमने पहले भी भिक्षा माँगी थी–इसी प्रकार की। वह क्या बात थी बताओगी? वह अब तक खड़ी थी, अब फिर मेज पर बैठ गई। बोली, वह पुरानी बात है। उन दिनों की, जब मैं पीटर्सबर्ग से भागी थी। अकेली नहीं, साथ में एक लड़की भी थी–तुमने पॉलिना का नाम सुना है? हाँ, सुना तो है। इस समय याद नहीं आ रहा कि कहाँ। वह नोव्गोरोड में पकड़ी गई थी–वेश्याओं की गली में–और गोली से उड़ा दी गई थी। हाँ, मुझे याद आ गया। उसके बाद बहुत शोर भी मचा था कि यह क्यों हुआ, लेकिन कुछ पता नहीं लगा। हाँ। उस दिन मैं भी नोव्गोरोड में थी–उसी घर में! हम दोनों वहाँ रहती थीं। एक वेश्या के यहाँ ही। वहीं, नित्य-प्रति रात को लोग आते थे, हमारे शरीरों को देखते थे, गंदे संकेत करते थे, और हम बैठी सब-कुछ देखा करती थीं वहाँ, जब चूसे हुए नींबू की तरह बीमारियों से घुले हुए वे पूँजीपति साफ-साफ कपड़े पहनकर इठलाते हुए आते थे-उफ! जिसने वह नहीं देखा, वह पूँजीवाद और साम्राज्यवाद का दूरव्यापी परिणाम नहीं समझ सकता! धन के आधिक्य से ही कितनी बुराइयाँ समाज में आ जाती हैं इसको जानने के लिए वह देखना जरूरी है! फिर वे आसपास की कोठरियों में चले जाते थे... किसी-किसी में अंधेरा हो जाता था... फिर... थोड़ी देर वह चुप रही। फिर बोली, कभी-कभी उनमें एक-आध नवयुवक भी आता था–शांत, सुंदर, सुडौल...उनके आने पर वह घर और उसमें रहने वाले-कितने विद्रूप, कितने वीभत्स मालूम होने लगते थे...किंतु शायद अगर वे न आते, तो हमारी वहीं मृत्यु हो जाती-इतना ग्लानियम दृश्य था वह! यही थे हमारे सहायक, हमारे सहकारी... हमें पीटर्सबर्ग से जो ऐलान बाँटने के लिए आते थे, वे हम इन्हें दे देती थीं–ये उन्हें बाँट आते थे। नोव्गोरोड में हमने अपनी संस्था की शाखा इसी तरह बनाई। फिर नोव्गोरोड से आर्कएंजेल, फिर जेरोस्लावल, फिर पीटर्सबर्ग और फिर वापस नोब्रोगोड... आर्क एंजेल में तीन गर्वनरों की हत्या हुई जेरोस्लावल में राजकर्मचारियों के घर जला दिए गए, नोव्गोरोड में पुलिस के कई अफसर मारे गए। फिर-पॉलिना पकड़ी गई, और मैं मॉस्को में आ गई... पर वह पकड़ी कैसे गई? वे मुहल्ले जिनमें रहते थे, रात ही को खुलते थे... दिन में वे वैसे ही पड़े रहते थे, जैसे विस्फोट के बाद ज्वालामुखी का फटा हुआ शिखर... पर उस दिन जरूरी काम था–पॉलिना मोटा-सा कोट पहन, मुँह ढँककर बाहर निकली। उसकी जेब में कुछ पत्र थे और एक पिस्तौल, वह पत्र पहुँचाने जा रही थी। इसी समय– घड़ी में टन! टन! ग्यारह बज गए। वह चौंककर उठी और बोली..., बहुत देर हो गई, अब मैं जाती हूँ। कहाँ? कोल्पिन के यहाँ–अंतिम भिक्षा माँगने। उसने शीघ्रता से अपने कोट के बटन बंद किए और उठ खड़ी हुई। मैं भी खड़ा हो गया। मैंने रुक-रुककर कहा, स्वातंत्र्य-युद्ध में बहुत सिरों की बलि देनी पड़ती है। मानो मैं अपने आपको ही समझा रहा होऊँ। वह बोली, ऐसे स्वातंत्र्य-युद्ध में सिर अधिक टूटते हैं या हृदय-कौन कह सकता है? मैं चुप होकर खड़ा रहा। वह कुछ हँसी, फिर बोली, जीवन कैसा विचित्र है, जानते हो अध्यापक? मैं आई थी धन लेकर विलुप्त हो जाने और चली हूँ, स्मृति-स्वरूप वह बो कर–वह अशांतिजनक का बीज! जिधर उसने संकेत किया था, मैं उधर देखता ही रह गया। लैंप और आग के प्रकाश में लाल-लाल चमक रहा था–उस टूटी हुई तलवार की मूठ! सहसा किवाड़ खुलकर बंद हो गया। मेरा स्वप्न टूट गया–मैंने आँख उठा कर देखा। वर्षा अब भी हो रही थी–ओले भी पड़ रहे थे। किंतु वह–वहाँ नहीं थी। था अकेला मैं -और वह शांतिजनक का बीज! वह बीज कैसे प्रस्फुटित हुआ, यह फिर कहूँगा। अभी उस दिन की घटना पूरी कहनी है। वह चली गई। पर मैं फिर अपना लेख नहीं लिख सका... एक बार मैंने कागजों की ओर देखा, सफल क्रांति! दो शब्द मेरी ओर देखकर हँस रहे थे... विस्मृत आहुतियों का शांतिजनक-जनक निष्कर्ष! प्रवंचना! मैंने वे कागज फाड़कर आग में डाल दिए। फिर भी शांतिजनक नहीं मिली।। मैं सोचने लगा, इसके बाद वह क्या करेगी? कोल्पिन के घर में... माइकेल क्रेस्की तो शायद मुक्त हो जाएँगे... किंतु उसके बाद? उस उद्धार के फलस्वरूप, आनंद, उल्लास, गौरव-कहाँ होंगे? वहाँ होगी व्यथा, प्रज्वलन, पशुता का तांडव! जहाँ स्वतंत्रता का उद्दाम आान होना चाहिए, वहाँ क्या होगा? एक स्त्री-हृदय के टूटने की धीमी आवाज! मैंने जाकर लैंप बुझा दिया। कमरे में अँधेरा छा गया केवल कहीं-कहीं अंगीठी की आग में लाल-लाल प्रकाश पड़ने लगा और उसमें कुर्सी की टाँगों की छाया एक विचित्र नृत्य करने लगी! मैं उसे देखते-देखते फिर सोचने लगा- इसी समय कोल्पिन के घर में न जाने क्या हो रहा होगा... मेरिया वहाँ पहुँच गई होगी... शायद अब तक क्रेस्की मॉस्को की किसी गली में छिपने के लिए चल पड़े हों... वह क्या सोचते होंगे कि उनका उद्धार कैसे हुआ? मेरिया की बात उन्हें मालूम होगी? शायद वहाँ उनका मिलन हो जाए–किंतु कोल्पिन क्यों होने देगा? मेरिया के बलिदान की बात शायद कोई न जान पाएगा–किसी को भी मालूम नहीं होगा... असीम समुद्र में बहते हुए एका-एक बुझ जानेवाले दीप की तरह उसकी कथा वहीं समाप्त हो जाएगी–और मैं उसका नाम तक नहीं जान पाऊँगा! कैसी विडंबना है यह! घड़ी में बारह बजे। मैं चौंका एक अत्यंत वीभत्स दृश्य मेरी आँखों के आगे नाच गया। कोल्पिन और मेरिया... उस दृश्य के विचार को भी मैं नहीं सह सका! मैंने उठकर किवाड़ खोल दिए और दरवाजे के बीच में खड़ा होकर वर्षा को देखने लगा। कभी-कभी एक-आध ओला मेरे ऊपर पड़ जाता था, किंतु मुझे उसका ध्यान भी नहीं हुआ। मैं आँखें फाड़कर रात्रि के अंधकार में वर्षा की बूँद देखने की चेष्टा कर रहा था... पूर्व में जब धुँधला-सा प्रकाश हो गया, कब मेरा वह जाग्रत स्वप्न टूटा। तब मुझे ज्ञान हुआ कि मेरे हाथ-पैर सर्दी से संज्ञा-शून्य हो गए हैं। मैंने मानो वर्षा से कहा, वहाँ जो कुछ होना था, अब तक हो चुका होगा। फिर मैं किवाड़ बंद कर अंदर जाकर लेट गया और अपने ठिठुरे हुए अंगों को गर्मी पहुँचाने के लिए कंबल लपेटकर पड़ रहा... उस दिन की घटना यहीं समाप्त होती है; पर उसके बाद एक-दो घटनाएँ और हुईं, जिनका इससे घनिष्ठ संबंध है। वह भी यहीं कहूँगा। इसके दूसरे दिन मैंने पढ़ा, कल रात को जनरल कोल्पिन और कर्नल गोराव्स्की दोनों अपने घरों में मारे गए। जनरल कोल्पिन की हत्या एक स्त्री ने रिवाल्वर से की। उनको मारने के बाद उसने रिवाल्वर से आत्मघात कर लिया। कर्नल गोरोव्स्की घर में तलवार से मरे पाए गए। कहा जाता है कि उनकी अपनी तलवार और रिवाल्वर दोनों गायब हैं। जिस रिवाल्वर से जनरल कोल्पिन की हत्या की गई, उस पर गोरोव्स्की और कोल्पिन की घातक यही स्त्री है। पुलिस जोरों से अनुसंधान कर रही है, लेकिन अभी इसके रहस्य का कुछ पता नहीं लगा है। क्रेस्की का कहीं नाम भी नहीं था। यह रहस्य आज भी नहीं खुला। हाँ, उसके कुछ दिन बाद मैंने सुना कि माइकेल क्रेस्की पीटर्सबर्ग के पास पुलिस से लड़ते हुए मारे गए... वह रहस्य दबा ही रह गया। शायद माइकेल क्रेस्की को स्वयं भी कभी यह नहीं ज्ञात हुआ कि वे मॉस्को से उस दिन आधी रात के समय क्यों एका-एक छोड़ दिए गए... किंतु अशांतिजनक का जो बीज मेरे हृदय में बोया था, वह नहीं दब सका। जिस दिन मैंने सुना कि माइकेल क्रेस्की मारे गए, उस दिन मेरी धमनियों में रूसी रक्त खोल उठा... क्रेस्की के कारण नहीं, किंतु मेरिया के शब्दों की स्मृति के कारण। मैनें अपने स्कूल में एक व्याख्यान दिया, जिसमें जीवन में पहली बार विशुद्ध हृदय से मैंने क्रांति का समर्थन किया था... इसके बाद मुझे रूस से निर्वासित कर दिया गया, क्योंकि क्रांति के पोषकों के लिए रूस में स्थान नहीं था! आज मैं पेरिस में रहता हूँ। मॉस्को की तरह अब भी मैं अध्यापन का काम कर रहा हूँ, किंतु अब उसमें मेरी रुचि नहीं है। आज भी मैं क्रांति-विषयक पुस्तकों का अध्ययन करता हूँ, किंतु अब पढ़ते समय मेरा ध्यान अपनी अनभिज्ञता की ओर ही रहता है। आज भी मेरा वह संग्रह उसी भाँति पड़ा है, किंतु अब उसकी सबसे अमूल्य वस्तु है वह टूटी हुई तलवार! हाँ, अब मैंने व्याख्यान देना छोड़ दिया है–अब एक विचित्र विषादमय अशांतिजनक, एक विक्षोभमय ग्लानि, मेरे हृदय में घर किए रहती है... ज्वालामुखी से आग निकलती है और बुझ जाती है, किंतु जमे हुए लावा के काले-काले पत्थर पड़े रह जाते हैं। आँधी आती है और चली जाती है, किंतु वृक्षों की टूटी हुई शाखें सूखती रहती हैं। नदी में पानी चढ़ता है और उतर जाता है, किंतु उसके प्रवाह से एकत्रित घास-फूस, लकड़ी किनारे पर सड़ती रह जाती है। वह टूटी तलवार उसके आवागमन का स्मृतिचिह्न है। जब भी इस ओर देखता हूँ, दो धधकते हुए निर्निमेष वृत्त मेरे आगे आ जाते हैं, मैं सहसा पूछ बैठता हूँ, मेरिया, इवानोव्ना, तुम मानवी थीं या दानवी, या स्वर्ग-भ्रष्टा विपथगा देवी?

# नहाते समय पांच दोस्त गंगा में डूबे

**कोचिंग जाने के लिए घर से निकले थे, एक दूसरे को बचाने में डूबे, मछुआरों ने निकाले चार शव**





**बलिया।** गंगा में स्नान करने गए पांच किशोर डूब गए। जिसमें से मछुआरों की मदद से 4 किशोरों का शव गंगा से बाहर निकाला गया है। बाकी को एनडीआरएफ की टीम तलाश कर रही है।

घटना हल्दी थाना क्षेत्र के पचरुखिया काली मंदिर के सामने गंगा घाट का है। मृतकों की पहचान रवि (14), शनि (13), सिंटू (13), और निर्मल (15) के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजन ने बताया कि रेवती थाना क्षेत्र के पियरौटा गांव के पांच किशोर रवि, शनि, निर्मल, अभिषेक, सिंटू, सभी दोस्त हैं। पांचों आज सुबह कोचिंग के लिए बोल कर घर से निकले।

इसी बीच पांचों हल्दी थाना क्षेत्र के पचरुखिया काली मंदिर के सामने गंगा घाट पर स्नान करने के लिए पहुंच गये। जहां पर पांचों किशोरों ने अपना साइकिल, मोबाइल, व कपड़ा उतार कर गंगा नदी में स्नान करने लगे। इसी बीच पहले से ही गंगा घाट पर स्नान कर रहे छोटे-छोटे दो बच्चों ने इनको डूबते देख शोर मचाना शुरू कर दिया। दोनों बच्चे पास के ही सड़क किनारे बैठे लोगों को डूबने की बात बताई। जब तक सभी दौड़कर मौके पर पहुंचते 5 दोस्त डूब गए थे। आसपास के लोग ने तुरंत मछुआरों को बुलाया स्थानीय और मछुआरों की सहायता से 4 के शव को गंगा से निकला लिया गया है। अभी किशोर की तलाश जारी है। सूचन पर पहुंची पुलिस ने एनडीआरएफ को बुलाया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने गंगा घाट पर पांचों के कपड़े एक मोबाइल फोन और साइकिल को बरामद किया है।

## 18 टेबल पर होगी लालगंज लोकसभा की मतगणना

**आजमगढ़।** जिला प्रशासन लोकसभा चुनाव के मतगणना की तैयारियों में जुटा हुआ है। इसको लेकर आज जिले के नेहरू हाल में मतगणना कर्मियों को स्टेट लेबल के मास्टर ट्रेनर कुलभूषण सिंह ने ट्रेनिंग दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि पोस्टल बैलेट की मतगणना आरओ टेबल पर होगी। प्रत्येक टेबल पर एक एआरओ प्रभारी होंगे तथा प्रत्येक टेबल पर एक माइक्रो आब्जर्वर, एक मतगणना पर्यवेक्षक तथा दो मतगणना सहायक रहेंगे। प्रशिक्षण में बताया गया कि सबसे पहले बड़ा लिफाफा 13ग खोलने के बाद लिफाफे के अन्दर निर्वाचक द्वारा घोषणा पत्र 13ए को जांच करने के उपरान्त वैध पाये जाने पर ही मतपत्र वाले लिफाफे 13ख खोला जायेगा। यदि 13ए निर्वाचक द्वारा घोषणा पत्र पर निर्वाचक के हस्ताक्षर हैं, तथा घोषणा पत्र पर सत्यापित करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर हैं, तो 13ख छोटा लिफाफा खोलकर मतपत्र निकालकर वैध पाये गये मतपत्रों का प्रत्याशीवार 50-50 के बन्डल बनाये जायेंगे और गणना शीट पर नोट किये जायेंगे तथा सभी मतगणना अभिकताओं के हस्ताक्षर भी कराये जायेंगे।

## रैली निकालकर लोगों को किया गया जागरूक

**जिला प्रशासन द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास, 8 लाख महिला मतदाता चुनाव में लेगी हिस्सा**





**मऊ।** घोसी लोकसभा चुनाव को देखते हुए मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन का प्रयास लगातार जारी है। अधिसूचना जारी होने के बाद से ही मतदाता जागरूकता अभियान विभिन्न विभागों, स्कूल, कॉलेज के द्वारा संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला प्रशासन ने समस्त विभागों में कार्यरत महिला कर्मियों द्वारा स्कूटी रैली निकालकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया है। यह स्कूटी रैली कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना हुई। जिसे जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का नेतृत्व मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर द्वारा खुली जीप में आगे रहते हुए किया गया। यह रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ होकर गाजीपुर तिराहा, आजमगढ़ तिराहा, सीएमओ ऑफिस, भीटी चौराहा होते हुए गाजीपुर तिराहे पर समाप्त हुई। रैली के समापन पर जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक इलामारन जी, मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर की उपस्थिति में रैली में सम्मिलित सभी कार्मिकों सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदान के लिए शपथ दिलाई। निर्वाचन क्षेत्र घोसी में जनपद की लगभग 8 लाख महिला मतदाता हैं। पूर्व के चुनाव में भी महिला मतदाताओं का प्रतिशत ज्यादा रहा है। जिला प्रशासन का पूरा प्रयास है। ऐसे परिवार जहां पर पुरुष बाहर कार्य करते हैं। उनका शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो। इसके लिए ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं आशा भी इन महिलाओं को वोट डालने के लिए प्रेरित कर रही हैं। इसके अलावा जिला प्रशासन ने स्कूलों में अध्ययनरत छात्राओं की अलग से बुलावा टोली भी बनाई है। जो महिलाओं को मतदान के दिन बूथ तक ले जाने का कार्य करेंगी।

# अंतिम फेज के लिए आज मतदान

### सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम



**मऊ।** घोसी लोकसभा चुनाव को लेकर कलेक्ट्रेट से पोलिंग पार्टियों रवाना हो चुकी हैं। घोसी लोकसभा क्षेत्र के मुहम्मदाबाद गोहाना, घोसी, सदर, मधुबन और रसड़ा विधानसभा के पोलिंग स्टेशनों के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया है। घोसी लोकसभा के चुनाव के लिए कल यानी शनिवार को मतदान होना है, जिसमें लगभग 20 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

घोसी लोकसभा के चुनाव में एनडीए गठबंधन (सुभासपा) से ओमप्रकाश राजभर के बेटे अरविंद राजभर उम्मीदवार हैं। इंडिया गठबंधन (सपा) से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव राय और बहुजन समाज पार्टी से घोसी के पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान प्रत्याशी हैं। यहां पर राजनीतिक पंडितों की माने तो त्रिकोणीय लड़ाई देखने को मिल सकती है। घोसी लोकसभा क्षेत्र में कुल 10,95,381 पुरुष मतदाता और 97,1004 महिला मतदाता शामिल हैं। घोसी लोकसभा में कुल 28 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिगत पुलिस एवं प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए हैं। शनिवार की सुबह ठीक 7:00 बजे से बूथों पर मतदान की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। पुलिस अधीक्षक इलामारन जी ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर 8000 सुरक्षा कर्मियों को सकुशल चुनाव संपन्न करने के लिए तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि पूरे घोसी लोकसभा क्षेत्र में पांचों विधानसभाओं को मिलाकर 9 बर्नेवल एरिया और 511 क्रिटिकल बूथ चिह्नित किए गए हैं। इन सभी जगहों पर सीएपीएफ के जवानों को तैनात किया गया है।

## तापीय परियोजना में कार्य करने के दौरान युवक की मौत

### एक घायल, संविदा पर थे दोनों कर्मी, परिजनों में मचा कोहराम




**सोनभद्र।** स्थानीय अनपरा थाना के निजी तापीय परियोजना में कार्यरत दो संविदा कर्मी काम करने के दौरान घायल हो गए। आनन-फानन में उपचार हेतु दोनों घायलों को निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया।

सूत्रों के अनुसार रेनुसागर चौकी के स्थित निजी तापीय परियोजना में कार्यरत संविदा मजदूर कमलेश यादव पुत्र महावीर यादव निवासी शिवमंदिर रेनुसागर एवं भगवान दास यादव पुत्र चंद्रदेव यादव निवासी उपरोक्त कार्य के दौरान घायल हो गया। आनन-फानन में घायल मजदूर को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उपचार के दौरान कमलेश यादव को मृत घोषित कर दिया। घायल भगवान दास का ईलाज चल रहा हैं। मृतक संविदाकर्मी रेनुसागर कालोनी शिव मंदिर समीप निवासी बताया जा रहा है। घटना के बारे में परिजनों को जानकारी होने पर कोहराम मच गया। मृतक के अंतिम संस्कार के लिए निजी कंपनी द्वारा बीस हजार रुपए की आर्थिक मदद के साथ मृतक परिवार के एक सदस्य को अस्थायी तौर पर नौकरी पर रखा जाएगा।

## ओवरहीट हो रहे ट्रांसफॉर्मर, बढ़ा तापमान

### पानी डाल कर ठंडा रखने की कवायद, जेई बोले-80 डिग्री से भी ऊपर जा रहा ट्रांसफॉर्मर का तापमान



**मधुबन।** एक तो 40 डिग्री से ऊपर का तापमान उस पर 24 घंटे लगातार विद्युत सप्लाई का दबाव, नतीजा मऊ के मधुबन तहसील क्षेत्र के विभिन्न उपकेंद्रों पर लगे ट्रांसफार्मर ओवरहीट हो रहे हैं। ट्रांसफार्मर का तापमान 80 डिग्री सेल्सियस से भी ऊपर चला जा रहा है। ऐसे में इन पर पानी डाल कर इन्हें ठंडा किया जा रहा है। यह स्थिति मधुबन के प्राय सभी विद्युत उपकेंद्रों की है। शुक्रवार को मधुबन के सूरजपुर विद्युत उपकेंद्र पर कर्मचारी बाल्टी और जग से पानी डाल कर ओवरहीटेड ट्रांसफार्मर को ठंडा करते नजर आए। यहां तैनात अवर अभियंता अरुण पाण्डेय ने बताया कि इन दिनों ट्रांसफॉर्मर पर पानी डालना मजबूरी बन चुकी है। तेज धूप एवं गर्मी के कारण ट्रांसफॉर्मर ओवरहीट हो जा रहे हैं। मौसम के कारण बिजली की डिमांड भी बढ़ी है। उस पर यहां होने वाले मतदान को लेकर लगातार विद्युत सप्लाई का दबाव भी है। ऐसे में ट्रांसफॉर्मर को रेस्ट नहीं मिल पा रहा है। वह ओवरहीट हो जा रहे हैं। ट्रांसफार्मर का तापमान 80 डिग्री से भी ऊपर चला जा रहा है। ऐसे में पानी डाल कर उसे ठंडा रखने की कोशिश की जा रही है। ऐसा दिन भर में कई बार किया जा रहा है।

**बाधा रहित बिजली सप्लाई की पूरी तैयारी :** जेई अरुण पाण्डेय ने बताया कि कल यहां होने वाले मतदान को लेकर विभाग द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। सभी मतदान केंद्रों पर विद्युत सप्लाई लगातार जारी रहेगी। किसी फाल्ट की दिशा में उसे तत्काल ठीक किया जायेगा। मॉनिटरिंग के लिए जिला पर कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि किसी फाल्ट की शिकायत के लिए विभाग द्वारा हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। उपभोक्ता 05472228466 पर कॉल कर फाल्ट संबंधित सूचना दे सकते हैं। इसके अतिरिक्त मधुबन तहसील क्षेत्र के उपभोक्ता 7839011215/9415747232 पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। बिजली संबंधित दिक्कतों को तुरंत ठीक किया जाएगा।

## तेंदूपत्ता तोड़ान से मिला लोगों को रोजगार

**सोनभद्र।** दुद्धी में जहां एक तरफ सरकार रोजगार के लिए तरह-तरह की योजनाएं चला रही है, कि अंतिम पंक्ति के लोगों तक योजनाओं का लाभ मिल सके। परंतु इसकी जमीनी हकीकत बिल्कुल विपरीत है। उत्तर प्रदेश के अंतिम छोर पर स्थित दुद्धी तहसील जोकि आदिवासी बाहुल्य अति पिछड़ा नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। यहां के आदिवासी बनवासी आज भी मुख्यधारा से नही जुड़ पाए हैं। इनके रोजगार के लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा कोई भी कारगर कदम नही उठाया गया।

इस क्षेत्र में देखा जाए तो इनका मुख्य व्यवसाय तेंदूपत्ता है जो इस समय जोरो से हो रहा है। बतादे की उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ राज्यों में पत्ता तुड़ान इन दिनों मुख्य रोजगार के रूप में है। इस समय इन राज्यों के कुछ तबके के लोग अपने जीकोपार्जन के लिए तेंदूपत्ता का व्यापक रूप से तूड़ाई करते है। जिससे इनके परिवार का भरणपोषण होता है। इतनी कड़ी धूप में यह जंगलों में जाकर तेंदूपत्ता का तोड़ाई करते हैं। पर इनके मेहनत के मुताबिक इनको उसका मूल्य नहीं मिल पाता है। जिससे इन्हें खासा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। छत्तीसगढ़ सरकार ने इनकी परेशानियों को देखते हुए इनके कुछ मूल्यों को बढ़ाकर 550 रुपए सैकडा बंडल रखा गया है। वहीं मध्य मध्य प्रदेश में 450 रुपए सैकडा बंडल तथा उत्तर प्रदेश में सबसे कम 181 रुपए सैकडा बंडल है। यहां के गरीब आदिवासी मजबूरी में इतने कम मूल्यों पर काम कर रहे हैं। जिससे उनके परिवारों का गुजारा नहीं चल पा रहा है। उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश राज्य के जिला में इन दिनों तेंदू पत्ती का तुड़ान जारी है। जिले के सभी जंगलों में इन दिनों तेंदू पत्ते की तुड़ाई कर ग्रामीणों के लिए एक रोजगार मिल गया है।

### 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**आजमगढ़।** आजमगढ़ के एसपी अनुराग आर्य ने अपराधियों के विरूद्ध अभियान चलाया हुआ है। इस अभियान के तहत लगातार जिले में अपराधियों के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में यह गिरफ्तारी की गई। इस बारे में मुबारकपुर थाने के प्रभारी निहार नंदन ने बताया कि फरार चल रहे आरोपी विकास कुमार पांडेय पर एसपी अनुराग आर्य ने 25 हजार का इनाम भी घोषित किया था। इसी क्रम में आरोपी की तलाश की जा रही थी। आरोपी के विरूद्ध वर्ष 2023 में मुकदमा दर्ज किया गया था। उसी मामले में पुलिस तलाश कर रही थी। इससे पूर्व भी जिले में बड़ी संख्या में अपराधियों पर इनाम घोषित किया गया था और बड़ी संख्या में अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा जा चुका है। इस बारे में मुबारकपुर थाने के प्रभारी निहार नंदन ने बताया कि आरोपी विकास कुमार पांडेय मुंबई में छुपकर रह रहा था।

## लोकसभा चुनाव को लेकर पोलिंग पार्टियां रवाना

**1397 मतदान केन्द्रों के 2606 बूथों पर होगा मतदान**



**बलिया।** बलिया में लोकसभा चुनाव कराने के लिए पोलिंग पार्टियां को रवाना किया गया है। बलिया लोकसभा क्षेत्र के तीन विधानसभाओं क्रमशः बलिया सदर, बैरिया तथा फेफना, सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र के तीन विधान सभाओं क्रमशः बेल्थरा रोड, बांसडीह तथा बैरिया एवं घोसी लोकसभा के रसड़ा विधानसभा के पोलिंग स्टेशनों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना हो रही है।

बलिया में मतदाता कल यानी एक जून को अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। यहां एनडीए गठबंधन (बीजेपी) के प्रत्याशी व पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चंद्रशेखर के पुत्र नीरज शेखर हैं।इंडी गठबंधन से (सपा) उम्मीदवार सनातन पांडेय हैं। बहुजन समाज पार्टी ने यहां गाजीपुर निवासी पूर्व सैनिक लल्लन यादव को चुनावी मैदान में उतारा है। हालांकि भाजपा व सपा के बीच आमने-सामने की कांटे की टक्कर बताई जा रही है। बात करें सलेमपुर लोकसभा की तो यहां भाजपा ने लगातार तीसरी बार मौजूदा सांसद रविंद्र कुशवाहा को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं सपा ने पूर्व सांसद रमाशंकर राजभर को अपना प्रत्याशी बनाया है। बसपा ने पूर्व फौजी लल्लन सिंह यादव को मैदान में उतारा है। घोसी लोकसभा में सपा के राजीव राय तथा सुभासपा के डॉ. अरविंद राजभर आमने-सामने हैं। 1397 मतदान केन्द्रों पर 19 लाख 23 हजार 645 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। लोकसभा चुनाव की तैयारी पूर्ण हो चुकी है। बलिया संसदीय क्षेत्र संख्या 72 में पांच विधानसभा, जिसमें गाजीपुर के दो और बलिया से तीन विधानसभा है। जिसमें फेफना 360, 361 बलिया नगर,363 बैरिया यह तीनों विधानसभा बलिया जिला से आते हैं। गाजीपुर जिला का दो विधानसभा जहुराबाद 377 , मोहम्मदाबाद 378 है। यानी उक्त पांचों विधानसभा बलिया लोकसभा 72 के हैं। महिला मतदाता की संख्या 8 लाख 90 हजार 639, पुरुष मतदाता की संख्या 10 लाख 32 हजार 943 है। थर्ड जेंडर की संख्या 63 मतलब कुल मतदाताओं की संख्या 19 लाख 23 हजार 645 है। बलिया लोकसभा में 1397 मतदान केन्द्र तथा 2606 बूथ बनाये गये हैं।

## लोकसभा चुनाव की तैयारी पूरी

### मतदान केंद्र पर लगाए गए टेंट, मतदाताओं के लिए शीतल जल की भी व्यवस्था

**सोनभद्र।** बभनी में 1 जून को लोकसभा और विधानसभा उप चुनाव होगा है। बभनी विकास खंड के सभी 73 बूथ पर आवश्यक प्रबंध कर दिए गए हैं। राजस्व विभाग द्वारा चुनाव आयोग के मानक के अनुसार मतदेय स्थल निर्माण और मतदाताओं की सुविधा के लिए 10 कुर्सी व दरी की व्यवस्था किया गया है। खण्ड विकास अधिकारी द्वारा मतदान केन्द्र पर दो घड़े और 5 वर्ग मीटर का छाया व्यवस्था किया गया है। शिक्षा विभाग द्वारा मतदान कर्मियों के लिए मीड डे मील के रसोइयों के माध्यम से भोजन की व्यवस्था (पेमेंट बेसिस पर) किया गया है। जिला पंचायत द्वारा बूथ 200 मीटर परिधि में साफ-सफाई, शौचालय की सफाई व टैंकर द्वारा जल की व्यवस्था किया गया है। भीषण गर्मी के मद्देनजर पहली जून को होने वाले मतदान में सभी पोलिंग बूथों पर आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। मतदान केन्द्रों में शीतल पेयजल, महिला एवं पुरुष के लिए शौचालय तथा दिव्यांग व वृद्धजनों के लिए व्हील चेयर व कुर्सियों की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक मतदान केन्द्र परिसर में मतदाताओं की कतार तक छाया के इंतजाम किए गए हैं। लू से बचाव के लिए प्रत्येक मतदेय स्थल पर पैरामेडिक्स व आशा कार्यकताओं को पर्याप्त मात्रा में ओआरएस एवं मेडिकल किट उपलब्ध कराई जाएगी। मजिस्ट्रेट के साथ पैरामेडिक कर्मी भी तैनात किए गए हैं। आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा को अलग-अलग उपयुक्त स्थानों पर रखा गया है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उन्हें आसानी से मतदान केन्द्रों व पोलिंग बूथ पर भेजा जा सके।

## गर्मी से दो मतदान कर्मी की मौत

### नौ कर्मी अस्पताल में भर्ती, पोलिंग बूथ पर रवाना होने से पहले बिगड़ी तबीयत



**सोनभद्र।** सोनभद्र में पोलिंग पार्टियों को रवाना करने से पहले गर्मी ज्यादा होने की वजह से एक दर्जन के करीब मतदान कर्मियों की तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां दो मतदान कर्मियों की मौत हो गई। बाकी का इलाज आईसीयू में चल रहा है।

आगामी 1 जून को होने वाले अंतिम चरण के चुनाव के लिए आज लोढ़ी स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज से सुबह से ही पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जा रहा था। इस दौरान जैसे-जैसे धूप चढ़ती गई, मौसम भी गर्म होता गया। इस दौरान कई मतदान कर्मियों की हालात बिगड़ने लगी, एक दर्जन के करीब मतदान कर्मी का स्वास्थ्य बिगड़ गया। साथ के कर्मियों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जिला अस्पताल पहुंचे 11 मतदान कर्मियों में से दो मतदान कर्मी की मौत हो गई।

बाकी नौ लोगों का इलाज हीटस्ट्रोक रूम और आईसीयू में चल रहा है। मतदान कर्मियों के हालात बिगड़ने की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह जिला अस्पताल पहुंचे और वहां भर्ती मतदान कर्मियों का हाल-चाल जाना, साथ ही सीएमओ को दिशा निर्देश भी जारी किया। डीएम चंद्र विजय सिंह ने बताया कि इंटरवल का समय था और 11-12 के करीब उस वक्त हमारे कुछ कर्मी, ड्राइवर मतदान कर्मी के साथ रहे कुछ लोग हीट स्ट्रोक के चपेट में आ गए। जिन्हें आईसीयू में तीन मरीजों को रखा गया है। उसमें एक पुलिसकर्मी भी है उसकी हालत अभी स्थिति बताई जा रही है। दो अन्य जो आईसीयू में भर्ती हैं उनका भी इलाज किया जा रहा है। हीट स्ट्रोक रूम में दो मरीज भर्ती किए गए हैं, उनका भी इलाज किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि जिला अस्पताल में कई कर्मी एक साथ पहुंचे लेकिन दुर्भाग्य है कि उसमें से दो मतदान कर्मी की मौत हो गई।

## यूपी-छत्तीसगढ़ बार्डर किया गया सील

**पुलिस और सुरक्षा बल के जवानों ने संभाला मोर्चा, कल होना है अंतिम फेज का मतदान**



**सोनभद्र।** के बभनी थाना क्षेत्र में लोकसभा और दुद्धी विधानसभा उप चुनाव के मतदान को लेकर शुक्रवार की शाम को यूपी-छत्तीसगढ़ बार्डर सील कर दिया गया। यूपी सीमा के तीन स्थानों पर बैरियर लगाकर जवानों को तैनात किया गया है।

लोकसभा चुनाव और दुद्धी विधानसभा उप चुनाव को लेकर चौकसी बढ़ा दी गई है। बभनी क्षेत्र से सटे तीनों सीमाओं छत्तीसगढ़ का आसनडीह, शीशटोला और अहिरबुडवा बार्डर लगता है। इन बार्डर पर शुक्रवार शाम से ही सुरक्षा बलों के जवानों को तैनात कर दिया गया। जहां तैनात जवानों ने आने-जाने वाले लोगों के साथ वाहनों की जांच शुरू कर दी है। हालांकि उचित कारणों से इधर-उधर जाने वाले लोगों को रियायत दी गई है। प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय ने बताया कि आसनडीह से लगने वाले रंदह, मचबंधवा, इकदीरी तेंदुअल तथा अहिरबुडवा सीमा से लगने वाले कुडपान,सागोबांध, विश्रामपुर तथा शीशटोला सीमा से लगने वाले नवाटोला, मगरमांड रम्पाकुरर से लगने वाली छत्तीसगढ़ की सीमा को सील कर दिया गया है। जहां बार्डर सील हो जाने से शुक्रवार शाम तक दोनों प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में होने वाली सामान्य गतिविधियां प्रभावित रहेंगी। शनिवार को सुबह से मतदान संपन्न होने तक बड़े वाहनों की आवाजाही रुकी रहेगी। इधर आसनडीह बार्डर, शीशटोला बार्डर तथा अहिरबुडवा बार्डर पर पुलिस द्वारा चौकसी बढ़ाई दी गई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इमरजेंसी सेवा में लगे लोगों को जांच पड़ताल के बाद छोड़ा जाएगा। साथ ही सीमापार चुनाव के मद्देनजर लगातार गश्त किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आसनडीह बार्डर पर सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार, शीशटोल बार्डर पर अभय नाथ यादव तथा अहिरबुडवा बार्डर पर राम अवतार यादव सब इंस्पेक्टर की तैनाती पुलिस फोर्स के साथ की गई है।

### आधे घंटे में दो भाइयों की मौत

**आजमगढ़।** अलग-अलग हादसे में आधे घंटे के अंदर दो सगे भाईयों की मौत का मामला सामने आया है। दोनों भाई विफई और सुनील महराजगंज स्थित एक मिठाई की दुकान पर काम करते थे। विफई दो साल से बीमार चल रहा था, जिसकी गर्मी बर्दाश्त न कर पाने से मौत हो गई। इधर भाई की मौत की खबर मिलते ही सुनील साइकिल से अपने घर के लिए निकला। रास्ते में मां चंद्रावती कॉलेज के सामने अज्ञात वाहन ने सुनील को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी भी मौके पर मौत हो गई। जिले के अतरौलिया के पवनी गांव के रहने वाले विफई उर्फ विनोद शर्मा ( 32) और सुनील शर्मा ( 29) की अलग-अलग हादसे में मौत हो गई। विफई, सुनील, आनंद, हनुमान चार भाई थे।



# आई एम डी बी पर दीपिका पादुकोण ने शाहरुक-सलमान ही नहीं ऐश्वर्या को भी छोड़ा पीछे

अब आप सोच रहे होंगे भला बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने ऐसा क्या कर दिया है कि उनसे पीछे तीनों खान रह गए और तो और ऐश्वर्या भी तो बता दें IMDb ने 'मोस्ट व्यूड इंडियन स्टार ऑफ द लास्ट डिकेड' की एक लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में टॉप 100 स्टार्स को शामिल किया गया है। इसमें दीपिका पादुकोण ने सभी को मात देते हुए टॉप स्थान पर जगह बनाई है तो शाहरुख खान, सलमान खान, आमिर खान से लेकर ऐश्वर्या सब पीछे रह गए। IMDb की मोस्ट व्यूज इंडियन स्टार की लिस्ट दुनिया भर के करोड़ों IMDb कस्टमर्स और फैंस के पेज व्यू पर आधारित है। वैसे तो 100 स्टार्स




की इस लिस्ट में हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री के एक्टर्स शामिल हैं। मगर टॉप 10 की बात करें तो इसमें दीपिका सबसे ऊपर हैं, उनके बाद इसमें शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय, आलिया भट्ट, इरफान, आमिर खान, सुशांत सिंह राजपूत, सलमान खान, ऋतिक रोशन और अक्षय कुमार के नाम शामिल हैं।

आपको बता दें कि IMDb की टॉप 100 मोस्ट व्यूड इंडियन स्टार्स ऑफ द डिकेड लिस्ट जनवरी 2014 से अप्रैल 2024 तक के डेटा में शामिल हैं। लाजिमी है दीपिका पादुकोण की पॉपुलैरिटी ने उन्हें नंबर वन की पोजीशन पर पहुंचाया है।

दीपिका पादुकोण की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वह कल्कि 2898 एडी. में नजर आएंगी। इसके अलावा उनकी झोली में सिंघम अगेन भी हैं. वैसे अभी दीपिका पादुकोण अपनी प्रेग्नेंसी पर ध्यान दे रही हैं। इसी साल सितंबर में उनकी डिलीवरी है।

# रश्मिका मंदाना ने इंग्लिश में बात न करने पर दिया फैन को जवाब

एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने हाल ही में आनंद देवरकोंडा की अपकमिंग फिल्म गम गम गणेशा के प्री-रिलीज इवेंट में हिस्सा लिया। आपको बता दें कि आनंद देवरकोंडा सुपरस्टार विजय देवरकोंडा के भाई हैं। इस इवेंट से रश्मिका मंदाना की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वारयल वीडियोज में रश्मिका मंदाना को इवेंट के दौरान तेलुगु में बात करते हुए सुना-देखा सकता है। ऐसे में एक फैन ने एक्ट्रेस से अनुरोध किया है और पूछा है कि किसी भी इवेंट में इंग्लिश में क्यों बात नहीं करती हैं, जिसका रश्मिका ने जवाब भी दिया है. इस फैन के ट्वीट का जवाब देते हुए रश्मिका मंदाना ने बताया कि वह फिल्म इवेंट्स में इंग्लिश क्यों नहीं बोलतीं। उन्होंने कहा कि वह अपमानजनक नहीं होना चाहतीं। उन्होंने जवाब देते हुए लिखा, मैं इंग्लिश में बात करने की पूरी कोशिश करती हूं, ताकि आप में से हर कोई मुझे समझ सके, चाहे आप कहीं से भी हों... लेकिन मैं इस फेक्ट को भी जानती हूं कि बहुत से लोग जो चाहते हैं कि मैं उनकी भाषा में बात करूं, नहीं तो वे सोचेंगे कि मैं भाषा का अनादर करती हूं।



# जर्मनी में इस्लाम विरोधी एक्टिविस्ट पर चाकू से हमला

## बचाव में पुलिसकर्मी समेत कई घायल, पुलिस ने हमलावर को मारी गोली



**बर्लिन।** जर्मनी के मैनहेम शहर में सेंट्रल स्क्वायर पर एक इस्लामिक विचारधारा वाले कट्टरपंथी ने चाकू से कई लोगों पर हमला कर दिया। इसमें एक पुलिस अधिकारी भी घायल हो गया है। हमलावर ने उसकी गर्दन पर वार किया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में हमलावर को मार गिराया है। यह घटना सुबह 11:30 बजे के करीब हुई। पुलिस ने इस हमले में घायल लोगों की पहचान जाहिर नहीं की है मगर यूरोन्यूज ने अनुमान लगाया है कि जर्मनी में बेहद लोकप्रिय अति-दक्षिणपंथी कार्यकर्ता और इस्लाम की आलोचना करने वाले माइकल स्टर्जनबर्गर भी इस हमले में घायल हुए हैं। वे इस्लाम विरोधी एक कार्यक्रम को संबोधित करने के लिए वहां पहुंचे थे। हमले की ये पूरी घटना कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। इसमें हमलावर को लोगों पर चाकू से वार करते दिखाई दे रहा है। इस दौरान जब पुलिसकर्मी रोकने आता है तो हमलावर उसपर भी हमला कर देता है। इसके बाद एक अन्य पुलिसकर्मी हमलावर को गोली मार देता है जिससे वह जमीन पर गिर जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक हमलावर राइटविंग एक्टिविस्ट स्टर्जनबर्गर पर हमला करने के लिए पहुंचा था। प्रशासन के मुताबिक स्थिति अभी नियंत्रण में है। हालांकि, अपराध का मकसद फिलहाल स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने इसकी जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने कहा कि बचावकर्मी ड्यूटी पर हैं और उन्होंने हादसे की जगह को घेर लिया है। हादसे में घायल हुए लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मैनहेम शहर के मेयर क्रिश्चियन स्प्रेच ने इस घटना को लेकर हैरानी जताई है और इसकी निंदा की है। मेयर ने लोगों से अपील की है कि पुलिस जब तक मामले की जांच नहीं कर लेती तब तक वे हमला करने के कारणों को लेकर कोई अटकलें न लगाएं।

## आरबीआई ब्रिटेन से वापस लाई एक लाख किलो सोना

**मुंबई।** रजर्व बैंक ऑफ इंडिया ब्रिटेन से 100 टन (1 लाख किलो) से ज्यादा सोना वापस भारत लेकर आई है। 1991 के बाद से पहली बार ऐसा हुआ है जब आरबीआई ने विदेश में जमा इतने बड़े पैमाने पर सोने का भंडार निकाला हो। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मार्च 2024 में आरबीआई के पास कुल 822.1 टन सोना था, जिसमें से 413.8 टन विदेशों में जमा था। पिछले साल की तुलना में आरबीआई सोने का भंडार 27.5 टन बढ़ा है। आरबीआई धीरे-धीरे विदेशों में जमा सोने की मात्रा कम कर रही है और इसे वापस भारत ला रही है। ताकि देश की अर्थव्यवस्था और मजबूत हो सके। भारत चाहता है कि देश में सोने का भंडार बढ़े और उसके सोने का इस्तेमाल उसी के फायदे के लिए हो। ब्रिटेन केन्द्रीय बैंक और बैंक ऑफ इंग्लैंड आजादी के बाद से ही भंडारगृह रहा है।

# निशांत ने भारत को दिलाया बॉक्सिंग का चौथा ओलिंपिक कोटा

## यह मेंस कैटेगरी में पहला; अब तक 61 ओलिंपिक बर्थ हासिल कर चुका है इंडिया



**बैंकॉक।** निशांत देव ने बैंकॉक पर चल रहे मुक्केबाजी ओलिंपिक क्वालिफायर्स के सेमीफाइनल में पहुंचकर ओलिंपिक गेम्स का टिकट हासिल कर लिया है। वे पेरिस में होने वाले गेम्स का कोटा हासिल करने वाले पहले भारतीय मेंस बॉक्सर बन गए है।

वर्ल्ड चैंपियनशिप के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट निशांत पिछले क्वालिफायर्स में मामूली अंतर से कोटा हासिल करने से चूक गए थे। इस बार उन्होंने 71 किग्रा वेट कैटेगरी में क्वार्टर फाइनल में मोल्दोवा के वासिल सेबोटारी को 5-0 से हराया। इस कैटेगरी में 5 कोटा दांव पर लगे थे।

भारत ने इस तरह से मुक्केबाजी में ओलिंपिक के लिए चौथा कोटा स्थान हासिल किया। निशांत से पहले महिला मुक्केबाज निखहत जरीन (50 किग्रा), प्रीत पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) कोटा हासिल कर चुकी हैं।

**पेरिस गेम्स के लिए भारत का 61वां कोटा :** निशांत के सेमीफाइनल में पहुंचने के साथ ही भारत के नाम पेरिस ओलिंपिक का 61वां कोटा हासिल किया। अब तक सबसे ज्यादा कोटा शूटिंग में मिले हैं। निशांत ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में आक्रामक रणनीति अपनाई और 5-0 की जीत हासिल की। टूनामेंट में दबदबा बनाए रखने वाले निशांत ने फिर से आक्रामक शुरूआत की और शुरू से ही प्रतिद्वंद्वी पर दनादन मुक्के बरसाने शुरू कर दिए। हालांकि, सेबोटारी ने दूसरे राउंड में हावी होने की कोशिश की लेकिन भारतीय मुक्केबाज ने सटीक मुक्के जड़ना जारी रखा। तीसरे और अंतिम राउंड में दोनों मुक्केबाज थके हुए नजर आए, लेकिन निशांत ने तब भी अपनी आक्रामकता बनाए रखी। निशांत के नीचे गिरने पर सेबोटारी ने उन पर मुक्का जड़ा, जिसके लिए उन्हें एक अंक भी गंवाना पड़ा।

# वो कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा नहीं मानते

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद हाईकोर्ट में सरकारी वकील ने पीओके को लेकर एक बयान दिया है। जिसके बाद वहां उनकी आलोचना हो रही है। उन्होंने कोर्ट में सुनवाई के दौरान पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से अगवा किए गए कवि और पत्रकार अहमद फरहद शाह को विदेशी नागरिक बताया।

फरहद शाह का केस लड़ रही वकील इमान मजारी हाजिर ने ये दावा किया है। उन्होंने कोर्ट के बाहर मीडिया उन्होंने कहा कि सरकारी वकील ये दलील दे रहे थे कि कश्मीर विदेशी जमीन है। ये अच्छा इम्प्रैशन नहीं है। रियासत कश्मीर को बाहरी बता रही है। इससे अच्छा संदेश नहीं जा रहा है। पाकिस्तान ने कश्मीर के जिस हिस्से पर कब्जा किया है, वह उसे आजाद कश्मीर कहता है। वहीं, भारत उसे पीओके यानि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर कहता है। भारत का मानना है कि पाक अधिकृत कश्मीर जम्मू कश्मीर का हिस्सा है जिस पर पाकिस्तान ने जबरदस्ती कब्जा कर रखा है। अहमद फरहद शाह लगभग 16 दिन से लापता थे। जब उनके परिजन इस्लामाबाद हाईकोर्ट पहुंचे तो वहां पर उन्हें जानकारी दी गई कि वे धीरकोट पुलिस की कस्टडी में हैं। इस मामले में शुक्रवार को इस्लामाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। अहमद फरहद शाह की गुमशुदगी पर कोर्ट में पिटिशन दाखिल करने वाली ईमान माजरी ने कहा, अहमद कश्मीर में ही हैं ये पुलिस की ओर से कोर्ट में बताया गया है। इससे पहले अहमद के परिवार वालों ने दावा किया था कि सरकार की आलोचना करने की वजह से पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ने उसे गायब करवा दिया है।

# पाकिस्तान में जलाए गए लड़कियों के स्कूल

**लाहौर।** पाकिस्तान में लगातार लड़कियों के स्कूलों को निशाना बनाया जा रहा है। सुराब जिले में गुरुवार (29 मई) को कुछ हथियारबंद लोगों ने एक लड़कियों के लिए बने माध्यमिक स्कूल पर हमला कर उसमें आग लगा दी। यह एक हफ्ते में इस तरह की चौथी घटना है। पाकिस्तानी अखबार डॉन के मुताबिक, सोमवार रात को वजीरिस्तान में गोल्डन एरो गर्ल्स मिडिल स्कूल में अज्ञात लोगों ने आग लगा दी थी। फिर मंगलवार को उत्तरी वजीरिस्तान में आतंकवादियों ने एक गर्ल्स स्कूल को आग के हवाले कर दिया था। इसके बाद बुधवार देर रात किल्ली धंब तहसील में कुछ अज्ञात लोगों ने एक स्कूल के स्टाफ रूम में आग लगा दी। पुलिस मौके पर पहुंची और आग बुझाई। हालांकि, तब तक हमलावर भाग चुके थे। स्थानीय पुलिस के मुताबिक, उस स्कूल में नाइट में गार्ड तैनात नहीं था। पुलिस ने अब इन हमलावरों के खिलाफ आतंकवाद कानून के तहत मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।




सुराब जिले में 29 मई को एक बालिका माध्यमिक स्कूल में हथियारबंद लोगों ने आग लगा दी थी। पिछले कुछ महीनों से बलूचिस्तान के केच और पंजगुर जिलों में लगातार गर्ल्स स्कूलों पर हमले की घटनाएं बढ़ी है। पुलिस ने वजीरिस्तान के स्कूल में आग लगाने के मामले में वहां पढ़ा चुके टीचर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी की पहचान फरीदुल्लाह के तौर पर हुई है। रजमक पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि पांच नकाबपोश हथियारबंद लोग दीवार फांदकर स्कूल परिसर में घुसे और जबरन चाबियां लेकर स्कूल में आग लगा दी थी। इस स्कूल का निर्माण 2020 में पाकिस्तानी सेना ने करवाया था और यहां 500 से ज्यादा लड़कियां पढ़ती थी। इससे पहले मार्च में भी स्कूल पर हमला हुआ, जिसमें स्कूल में लगी सोलर लाइट को नुकसान पहुंचाया गया था। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के स्कूल की मरम्मत कराने के बाद एक और स्कूल को बम से उड़ाया

साउथ वजीरिस्तान जिले के शावा इलाके में 9 मई को आतंकवादियों ने लड़कियों के एक निजी स्कूल में आग लगा दी थी। हालांकि, इसके बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के आदेश पर स्कूल की मरम्मत के बाद उसे फिर से खोल दिया गया।

# अमेरिकी हथियारों से रूसी सेना पर हमला करेगा यूक्रेन

**कीव।** रूस-यूक्रेन जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन को रूस के खिलाफ उसके हथियारों का इस्तेमाल करने की मंजूरी दे दी है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, अमेरिकी अधिकारियों ने शुक्रवार (31 मई) को बताया कि इसमें यूक्रेन अमेरिकी अळअउटर मिसाइल का इस्तेमाल खार्किव को रूसी सेना से बचाने के लिए कर सकता है। इसकी रेंज 300 किलोमीटर है।

अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि यूक्रेन इन हथियारों से रूसी सेना पर सीधा हमला कर सकता है। हालांकि, इनका इस्तेमाल रूसी सीमा के अंदर नहीं होना चाहिए। रूस ने 10 मई से खार्किव में हमले तेज कर दिए थे। इसके बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने



अमेरिका और पश्चिमी देशों से उनके दिए गए हथियारों को रूस के खिलाफ इस्तेमाल करने की मंजूरी मांगी थी। अमेरिका ने पहले यूक्रेन को रूस के खिलाफ उसके हथियारों को इस्तेमाल करने से मना कर दिया था। अमेरिका को डर था कि अगर उसके हथियारों का इस्तेमाल रूस के खिलाफ हुआ, तो रूस इसे सीधे अमेरिका का हमला मानेगा।

## ओलिंपिक से पहले वर्ल्ड बॉक्सिंग से जुड़ा भारत

**नई दिल्ली।** ओलिंपिक गेम्स से ठीक पहले भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने शुक्रवार को निलंबित इंटरनेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन का साथ छोड़ दिया है। इतना ही नहीं, बीएफआई ने वर्ल्ड मुक्केबाजी की सदस्यता भी ले ली है। यह फैसला इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी की उस चेतावनी के बाद लिया गया है, जिसमें क्ढउ ने कहा था कि अगर भारतीय महासंघ इंटरनेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन से जुड़ा रहा, तो 2028 के लॉस एंजिलिस ओलिंपिक से इस खेल को हटाया जा सकता है। कमेटी ने 2019 में फाइनेंस और प्रशासन संबंधी मसलों के कारण क्इअ की मान्यता रद्द कर दी थी। वर्ल्ड बॉक्सिंग का गठन अप्रैल 2023 में किया गया। इसके अध्यक्ष पद के पूर्व दावेदार बोरिस वान डेर वोर्स्ट हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक- डॉ. वरुण कुमार उपाध्याय द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा.लि.,जी.टी. रोड रोहनियां, वाराणसी से मुद्रित कराकर एन 8/250 टी 24ए, राजेन्द्र विहार कॉलोनी, सुन्दरपुर, वाराणस-221005 से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक- *प्रवीण कुमार राय*

RNI No. : UPHIN/2023/84879 Mob. - 9335988525 Email : pdnewsvns@gmail.com

समस्त विवादों का निस्तारण वाराणसी न्यायालय के अधीन ही होंगे। खबरों के लिए स्थानीय संपादक जिम्मेदार होंगे।

# मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में फैसला सुरक्षित

## मुस्लिम पक्ष ने कहा- मामला सुनने योग्य नहीं, हिंदू पक्ष बोला- नियमों के खिलाफ दी गई जमीन

**प्रयागराज।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले में दायर 18 याचिकाओं पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आज सुनवाई पूरी की। जस्टिस मयंक कुमार जैन की सिंगल बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। गर्मी की छुट्टियों के बाद कोर्ट अपना फैसला सुना सकती है। जिसमें तय हो जाएगा कि हिंदू पक्ष की ओर से दायर 18 याचिका सुनने योग्य है या नहीं।



हिंदू पक्ष की तरफ से दाखिल 18 याचिकाओं को शाही ईदगाह कमेटी के वकीलों ने हाईकोर्ट में ऑर्डर 7, रूल 11 के तहत चुनौती दी। शाही ईदगाह कमेटी के वकीलों ने बहस के दौरान कहा- मथुरा कोर्ट में दाखिल याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। मामला पूजा स्थल अधिनियम 1991 और वक्फ एक्ट के साथ लिमिटेशन एक्ट से बाधित है। इसलिए इस मामले में कोई भी याचिका न तो दाखिल की जा सकती है और न ही उसे सुना जा सकता है। हिंदू पक्ष की तरफ से कहा गया- इस मामले पर न तो पूजा स्थल अधिनियम का कानून और न ही वक्फ बोर्ड कानून लागू होता है। शाही ईदगाह परिसर जिस जगह मौजूद है वह श्रीकृष्ण जन्मभूमि की जमीन है। समझौते के तहत मंदिर की जमीन को शाही ईदगाह कमेटी को दी गई है। जो नियमों के खिलाफ है। 5 घंटे तक सुनवाई चली। इस दौरान शाही ईदगाह कमेटी के वकीलों ने हाईकोर्ट में अपना पक्ष रखा। वकीलों ने मांग किया कि मथुरा कोर्ट में दाखिल वाद को खारिज किया जाए। हिंदू पक्षकारों के वकीलों ने इसका विरोध किया। अदालत ने फिर 30 मई को सुनवाई का आदेश दिया था। 30 मई को हुई सुनवाई में हिंदू पक्ष ने अपनी बहस पूरी की थी। इसके बाद आज मुस्लिम पक्ष ने अपनी दलील पेश की। अभी तक की सुनवाई में हिंदू पक्ष मामले को राम जन्मभूमि की तर्ज कर सुनवाई आगे बढ़ाने की मांग कर रहा है। जबकि मुस्लिम पक्षकारों का कहना है कि मामले में आगे की सुनवाई न हो।

## आग से बचाव के बताए उपाय

**अम्बेडकरनगर।** अम्बेडकरनगर में गर्मी के बढ़ने के साथ ही आग लगने की घटनाएं भी बढ़ रही हैं, जिसे देखते हुए अग्निशमन विभाग की टीम ने गुरुवार को जिला अस्पताल में पहुंचकर मॉकड्रिल कर लोगों को आग से बचाव के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में विभाग के कर्मियों ने जिला अस्पताल कर्मियों व लोगों को आग से बचाव के तरीके बताए गए। इसके साथ बिजली के शार्ट-सर्किट, गैस सिलेंडर व अन्य कारणों से लगने वाली आग से बचाव के अलग-अलग तरीकों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी सचिन शर्मा ने बताया गर्मी बढ़ने के साथ ही आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं। आग लगने के बाद उनको बुझाने के लिए लोगो को जागरूक किया जा रहा है। इसी के तहत आज जिला अस्पताल में अग्निशमन कर्मचारियों ने जिला अस्पताल के कर्मचारियों और अन्य लोगों को आग से बचाव के उपाय के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि अग्निशमन कर्मियों ने जिला अस्पताल कर्मियों व लोगों को आग से बचाव के तरीके बताए गए और बिजली के शार्ट सर्किट, गैस सिलेंडर व अन्य कारणों से लगने वाली आग से बचाव के अलग-अलग तरीकों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

## हीटवेव चलने से सड़कों पर पसरा सन्नाटा

### गर्मी में आग लगने की घटनाएं भी बढ़ी

**अलीगढ।** अलीगढ़ में भीषण गर्मी का सितम लगातार जारी है। हालत यह है कि सुबह 10 बजते-बजते तेज तपिश के कारण लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। वहीं 11 बजने से पहले ही हीट वेव का एहसास होना शुरू हो जा रहा है। शुक्रवार को भी यही हाल है और 12 बजे से पहले ही गर्म हवाएं चल रही हैं।



मौसम विभाग ने अलीगढ़ में लगातार हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। शुक्रवार को भी जिले का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के ऊपर जाने की संभावना है। जिसके चलते लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है कि वह दोपहर बाद घर से बाहर निकलने से बचें। बहुत ज्यादा जरूरी हो तो ही बाहर निकले और गमछा, टोपी पहनकर रखें। जिले में एक ओर जहां भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है, वहीं दूसरी ओर आग लगने की घटनाएं भी लगातार बढ़ रही हैं। बुधवार शाम को अलीगढ़ में मथुरा रोड पर एटूजेड प्लांट में कूड़े में आग लग गई थी। यह आग इतनी जबरदस्त थी कि इसे बुझाने में फायर ब्रिगेड के पसीने छूट गए थे। उन्हें अलीगढ़ के साथ गैर जनपदों से भी गाड़ियां बुलानी पड़ी थी। वहीं दूसरी ओर गुरुवार को शहर के जवाहर पार्क में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। उद्यान विभाग ने तत्काल दमकल को सूचना दी और कई गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। अधिकारियों का मानना है कि गर्मी के कारण उद्यान की घास पूरी तरह से सूखी है। किसी ने माचिस जलाकर फेंकी होगी, जिसके कारण आग लग गई। पेड़ों को नुकसान हुआ है, लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई।

**अस्पतालों में बढ़ाए गए वार्ड, विभाग अलर्ट :** भीषण गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग भी लगातार अलर्ट है। जिला अस्पताल से लेकर सीएचसी तक में वार्ड बढ़ा दिए गए हैं। जिससे गर्मी के मरीजों को तत्काल उपचार दिया जा सके। गुरुवार को अतरौली में एक बुजुर्ग महिला की गर्मी से मौत भी हो गई थी। हालांकि विभाग ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

अतरौली के गांव फजलपुर में 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला शांति देवी की गुरुवार को मौत हुई। परिवार के लोगों ने बताया कि सुबह वह नहाकर कपड़े धो रही थी। इसके बाद कमरे में आई और अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई। उन्हें तत्काल अतरौली सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिवार के लोग शव अपने साथ ले आए थे और उनका अंतिम संस्कार कर दिया था।

## घूस लेने वाला अमीन पहुंचा जेल

### आरसी का नोटिस रोकने के नाम पर मांगे थे 5 हजार रुपए, एंटी करप्शन की टीम ने दबोचा



**अलीगढ़।** अलीगढ़ के इगलास कस्बे में किसान से घूस मांगने वाले एंटी करप्शन के अमीन को पुलिस ने शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया। न्यायालय में पेश करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है। वहीं अब पुलिस उसके खिलाफ जांच पूरी करके चार्जशीट तैयार करेगी, जिससे उसे सजा दिलाई जा सके।

आरोपी अमीन ने इगलास कस्बे में किसान से 5000 रुपए की घूस मांगी थी। पीड़ित के पास रुपए नहीं थे और अमीन उसे बार-बार जेल भेजने की धमकी दे रहा था। जिसके बाद पीड़ित ने एंटी करप्शन थाने में शिकायत की थी और फिर एंटी करप्शन की टीम ने पूरा ट्रैप तैयार किया था। किसान ने आरोपी को रुपए देने के लिए बुलाया था और इसी दौरान उसे पकड़ लिया गया।

एंटी करप्शन थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि इगलास क्षेत्र में एक किसान ने अपनी केसीसी से 2.5 लाख रुपए का लोन लिया था। वह गांव में ही मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान भी चलाता था। लोन लेने के बाद वह रुपए अदा नहीं कर पाया था, जिसके कारण बैंक लगातार उससे संपर्क कर रहा था।

बैंक का लोन ब्याज लगाकर 4 लाख रुपए हो गया था। इसके बाद बैंक लगातार किसान से संपर्क क रहा था। जब किसान ने लोन जमा नहीं किया तो बैंक ने आरसी काट दी और यह वसूली के लिए तहसील में चली गई। जिसके बाद कुर्क अमीन लगातार किसान से वसूली के लिए बात कर रहा था।

पीड़ित ने आरोप लगाया है कि अमीन उसके ऊपर दबाव बना रहा था कि या तो वह तत्काल बैंक के रुपए जमा कर दे। अगर ऐसा नहीं कर पा रहा है तो उसे 5 हजार रुपए दे, जिससे वह उसका गिरफ्तारी का नोटिस दबा कर रखे रहेगा। उसके पास रुपए नहीं थे, इसलिए उसने एंटी करप्शन को सूचना दे दी। एंटी करप्शन की टीम ने आरोपी अमीन सौदान सिंह को गिरफ्तार करने के बाद उसके खिलाफ रोरावर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। उससे पूछताछ के बाद उसे शुक्रवार को जेल भेज दिया गया। वहीं इसकी रिपोर्ट जिला प्रशासन को भी भेजी गई है। जिसके बाद प्रशासन ने आरोपी की सेवा समाप्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## भीषण गर्मी से ओवरहीट हो रहे ट्रांसफॉर्मर

**अम्बेडकरनगर।** अम्बेडकरनगर में भारी गर्मी के बीच विद्युत सप्लाई के लिए ट्रांसफॉर्मर को पानी डालकर हीट होने से बचाया जा रहा है। टांडा विद्युत उपकेंद्र कलेसर में भीषण गर्मी से हीट हो रहे ट्रांसफार्मर को ठंडा करने के लिए ट्रांसफार्मर पर पानी डाला जा रहा है। ट्रांसफार्मर पर पानी डालने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



लगातार बढ़ रही गर्मी से विद्युत उपकरण भी जबाव देने लगे है। विद्युत उपकेंद्र पर लगे ट्रांसफर भी ओवर हीट होने लगे हैं। जिससे कई जगहों पर ट्रासफार्मर जलने लगा है। विद्युत व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए बिजली विभाग कई तरीके के हथकंडे अपना रहा है। ट्रांसफार्मर को ठंड रखने के लिए कहीं कूलर की व्यवस्था की जा रही है तो कई अन्य तरीके अपनाए जा रहे हैं। इन सबके बीच टांडा उपकेंद्र के कलेसर में भीषण गर्मी से हीट हो रहे ट्रांसफॉर्मर को ठंड रखने के लिए ट्रांसफॉर्मर पर पानी डालकर उसे ठंडा किया जा रहा है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कलेसर उपकेंद्र पर दो पांच एमबी और एक तीन एमबीए का ट्रांसफार्मर है। कलेसर उपकेंद्र के अवर अभियंता रमेश यादव ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण ट्रासफार्मर हीट होने लगे है। उन्होंने बताया कि ट्रांसफार्मर का टेम्परचर 60 डिग्री सेल्सियस होने के बाद उसे ठंड किया जाता है।

## जम्मू हादसे में मौतों का आंकड़ा जुटा रहा प्रशासन

**अलीगढ़।** जम्मू के अखनूर में गुरुवार दोपहर को श्रद्धालुओं को लेकर शिव खोड़ी जा रही एक बस 150 फिट गहरी खाई में गिर गई। यह बस हाथरस से श्रद्धालुओं को लेकर जम्मू रवाना हुई थी और इसमें हाथरस के साथ अलीगढ़ और राजस्थान के श्रद्धालु भी शामिल थे। हादसे में जान गंवाने वालों में अलीगढ़ के लोग भी शामिल हैं।

हादसे में जान गंवाने वाले लोग अलीगढ़ की इगलास तहसील के नाया गांव के बताए जा रहे हैं। मामले की जानकारी होते ही जिलाधिकारी ने अधिकारियों की एक टीम तत्काल इगलास भेजी और यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा जुटाना शुरू कर दिया। अलीगढ़ में उन्होंने श्रद्धालुओं के परिजनों से बातचीत की, जिससे अलीगढ़ के लोगों की स्पष्ट जानकारी मिल सके।

**अलीगढ़ में रजिस्टर्ड थी बस :** श्रद्धालुओं को लेकर जम्मू जाने वाली बस अलीगढ़ में रजिस्टर्ड है। पहले इस बस का नंबर वढ86 एउ 4078 होने की जानकारी आ रही थी। लेकिन इस बस का सही नंबर वढ81 एउ 4058 बताया जा रहा है। जम्मू के अखनूर में यही बस दुर्घटना ग्रस्त हुई ह और यात्रियों को अपनी जान गंवानी पड़ी। अलीगढ़ में आरटीओ प्रशासन का कहना है कि बस के सारे दस्तावेज पूरे थे और इसके पास ऑल इंडिया का परमिट भी था। एआरटीओ प्रशासन प्रवेश कुमार ने बताया कि यह बस हाथरस के नवीपुर कला की शिव कालोनी निवासी संजय गुप्ता के नाम पर पंजीकृत थी। इसकी फिटनेस 2025 तक है और इंश्योरेंस भी 15 फरवरी 2025 तक है। आरटीओ के अनुसार श्रद्धालुओं को ले जाने वाली इस बस की क्षमता 57 लोगों की थी और यह बस 57 सीटर थी। लेकिन हादसे के समय इसमें 90 सवारियां मौजूद थी। इसी कारण इसका बैलेंस बिगड़ा होगा और यह 150 फिट नीचे जाकर खाई में गिर गई और लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। हादसे के बाद अलीगढ़ प्रशासन लगातार जम्मू प्रशासन के अधिकारियों से संपर्क करने में जुटा हुआ है। इसमें जान गंवाने वाले और घायलों की एक लिस्ट भी सामने आई है, जिसमें कुल 69 लोग घायल बताए जा रहे हैं। इसमें अलीगढ़ के घायलों की संख्या 41 बताई जा रही है। जबकि अलीगढ़ के 11 लोगों की मौत होने की सूचना आ रही है। यह जानकारी आने के बाद अलीगढ़ प्रशासन, जम्मू के अधिकारियों से संपर्क करके इसकी पुष्टि करने में जुटा हुआ है। मृतकों के पास से मिलने वाले दस्तावेजों और अन्य आईडी प्रूफ के आधार पर ही उनकी पहचान की जाएगी। जिससे यह पुष्ट हो सकेगा कि हादसे में घायल और जान गंवाने वाले कितने लोग अलीगढ़ के हैं। हादसे के बाद अलीगढ़ के नाया गांव में लगातार गांव के लोग परेशान हो रहे हैं। ऐसे में पुलिस और प्रशासन की ओर से कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

## संक्षिप्त खबरे...

### मतगणना कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण

बहराइच। लोकसभा चुनाव की 4 जून को मतगणना होनी है। जिसको लेकर जिला प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। आज मतगणना को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराए जाने के लिए नियुक्त किए गए मतगणना पर्यवेक्षक, माइक्रो आब्जर्वर और मतगणना सहायक का प्रथम प्रशिक्षण ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि गणना का कार्य अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी कार्मिक पूरी शालीनता, धैर्य एवं संयम का परिचय देते हुए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेशों के अनुसार गणना का कार्य सम्पन्न कराएंगे। कोई भी मतगणना कार्मिक मतगणना पंडाल के अन्दर मोबाइल लेकर नहीं जाएगा। सभी कार्मिक अनुशासन में रहते हुए कोई ऐसा कार्य नहीं करेंगे। जिससे किसी दूसरे व्यक्ति को उनकी गतिविधियों के बारे में शंका पैदा हो।

### थाने में हुई प्रेमी जोड़े की शादी

**अमेठी।** अमेठी में एक प्रेमी जोड़े का पुलिस ने थाने में विवाह करवाया है। बाकायदा शादी की रस्म थाने में हुई हैं, जिसके बाद दोनों ने भगवान भोलेनाथ को साक्षी मानकर सात फेरे लिए। पुलिस के अलावा परिवार के लोग भी इस विवाह के साक्षी बने हैं। पूरा मामला अमेठी के जायस थाने का है। इसी थाना क्षेत्र के ओदारी चौराहा के रहने वाले राजेन्द्र कुमार ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया कि उसकी बेटी का जामो थानाक्षेत्र के पूरे तेजी गोरियाबाद के रहने वाले युवक मोहित कुमार से प्रेम प्रसंग चल रहा है। इसके बाद उसने शादी करने का वादा किया लेकिन अब युवक मुकर रहा है। पिता का कहना था कि उसकी बेटी की शादी उसी लड़के के साथ हो जाए नहीं तो उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा खराब होगी। शिकायत मिलने के बाद जायस पुलिस ने युवक और उसके परिजनों को थाने पर बुलाया और युवक को शादी करने के लिए समझाया। घंटों मान मनौव्वल के बाद युवक शादी के लिए राजी हो गया। इसके बाद दोनों की शादी जायस थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में पुलिस की मौजूदगी में सकुशल संपन्न कराई गई। शादी के बाद दोनों पक्षों ने अमेठी पुलिस का आभार जताया। जायस थाना प्रभारी ने बताया की लंबे समय से शादी को लेकर दोनों के बीच विवाद था। इसके बाद शिकायत मिली तो पूरे मामले की जांच कर विवाद को शांत कराया गया है और दोनों का विवाह कोतवाली परिसर में स्थित मंदिर में करा दिया गया है। दोनों एक साथ रहने को राजी हैं कोई भी विवाद दोनों परिवारों के बीच नहीं है।



### पिकअप चालक ने बाइक को मारी टक्कर

**बहराइच।** बहराइच में बाइक सवार दंपती को तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में पति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पत्नी और बेटी घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना नानपारा-इमामगंज मार्ग की है। खैरीघाट इलाके में पिपरिया बसुहार के रहने वाले मोतीलाल (32) पंजाब में काम करता था। तीन दिन पहले वह गांव आया था।7 साल की बेटी गौरी की तबीयत खराब होने पर वह पत्नी और बेटी को बाइक से लेकर चिकित्सक को दिखाने के लिए नानपारा जा रहा था। चकईया मोड़ के पास पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में मोतीलाल की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पत्नी और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई।

## वन विभाग लगाएगा 35 लाख से अधिक पौधे

❖ अम्बेडकरनगर में अन्य विभागों ने भी शुरू की तैयारी, 20 नर्सरी में तैयार हो रहे पौधे

**अम्बेडकरनगर।** अम्बेडकरनगर में वन विभाग कई अन्य विभागों के साथ मिलकर जल्द ही 34 लाख 65 हजार 880 पौधे लगाएगा। इसके लिए वन विभाग की तरफ से जहां, जगह को चिह्नित कर लिया गया है। वहीं कई अन्य विभागों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसमें 12 लाख 24 हजार 700 पौधे वन विभाग की टीम लगाएगी। जबकि ग्राम्य विकास विभाग को 13 लाख 48 हजार 641 पौधे लगाने का लक्ष्य मिला है। इसी तरह शेष अन्य विभागों को भी पौधे लगवाने का लक्ष्य दिया गया है।

हर साल वन विभाग सहित अन्य विभाग जिले में हरियाली को बढ़ावा देने के लिए पौधरोपण अभियान चलाते हैं। इस बार जिले में शासन ने 34 लाख 65 हजार 880 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए वन विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा लगाया जाएगा। लक्ष्य की पूर्ति के लिए वन विभाग के साथ ही जिला प्रशासन ने भी पहल शुरू कर दी है। वन विभाग इस लक्ष्य का पूरा करने के लिए 20 नर्सरी में अलग-अलग किस्म के पौधे तैयार किए जा रहे हैं।

सुरक्षा का भी होगा पूरा प्रबंध

विशेष अभियान में पौधों को विभिन्न तरह के पौधे रोपा जाएगा। इसमें सागौन, शीशम, अर्जुन, अमरूद व आम आदि के पौधे शामिल हैं। इन पौधों को वन क्षेत्र, ग्राम समाज की भूमि अन्य सार्वजनिक स्थल और राजकीय कार्यालयों व अन्य राजकीय संस्थानों के परिसर में पौधरोपण कराया जाएगा। वन विभाग की तैयारी है कि पौधरोपण के साथ ही उसकी सुरक्षा का भी पूरा प्रबंध किया जाए। पौधे लगाने के बाद उन्हें पशुओं से बचाने का प्रबंध होगा तो वहीं पानी उपलब्धता की जिम्मेदारी भी की जाएगी। **इन विभागों को मिला है लक्ष्य :** पौधारोपण के लिए जिन विभागों को लक्ष्य दिया गया है, इनमें 12,24,700 पौधे वन विभाग लगाएगा। ग्राम विकास विभाग 13,48,671 कृषि विभाग 3,50,000 राजस्व विभाग 1,13,049 पंचायतीराज विभाग 1,37,579 नगर विकास विभाग 20,264 लोक निर्माण विभाग 11,732 बेसिक शिक्षा विभाग 12,798 जल शक्ति विभाग 11,732 उद्यान विभाग 166,374, उच्च शिक्षा विभाग 17065 उद्योग विभाग 8532 तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग 8532 पौधे लगाएगा। कई अन्य विभागों को भी इसी तरह की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रभागीय वन अधिकारी उमेश तिवारी ने बताया कि इस बार साढ़े 34 लाख से अधिक पौधे जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में लगाए जाएंगे इसके लिए तैयारी की जा रही है।

## डबल ब्रेकर के पास गिरकर युवक की गई जान



**प्रयागराज।** प्रयागराज में स्कूल के सामने बने डबल ब्रेकर से कई राहगीर चोटिल हो गए और कई ने अपनी जान गंवा दी। देरशाम पिंटू वनवासी किसी काम से जंघई की तरफ जा रहा था।

सरायममरेज थाना क्षेत्र के चंपापुर में स्कूल के सामने बने डबल ब्रेकर से गिरकर बाइक सवार घायल हो गया। सरायममरेज पुलिस ने घायल को प्रतापपुर सीएचसी भेज दिया। युवक की हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने जिला अस्पताल भेज दिया। युवक की मौत से नाराज परिजनों ने अनुवा रोड को जामकर कर दिया। सरायममरेज पुलिस के साथ पीडब्ल्यूडी विभाग के ठेकेदार एवं जेई भी पीड़ित परिजनों को समझाते रहे, लेकिन वे मानने को तैयार नहीं हुए। जिम्मेदार अधिकारी अपना पल्ला झाड़ते हुए मामले में लीपा पोती करने में लगे रहे। परिजनों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग को लेकर जमकर किया हंगामा।

## 15 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**अमेठी।** अमेठी में मुसाफिरखाना कोतवाली पुलिस ने 15 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से पुलिस ने 30 ग्राम स्मैक पाउडर भी बरामद किया है। चेकिंग अभियान के दौरान आरोपी की गिरफ्तारी की गई है। आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया।आरोपी के ऊपर मुंशीगंज और मुसाफिरखाना कोतवाली में कई गंभीर मामले दर्ज हैं।

दरअसल ये पूरा मामला मुसाफिरखाना क्षेत्र का है। यहां मुसाफिरखाना कोतवाली पुलिस ने आज सुबह चेकिंग अभियान के दौरान मुंशीगंज कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले अखिलेश सिंह को रामशाहपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अखिलेश सिंह के पास से पुलिस ने 30 ग्राम स्मैक पाउडर भी बरामद किया। आरोपी को पुलिस ने थाने लाने के साथ न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेजा है।

## दबंगों ने महिलाओं पर ईंट से किया हमला

**अमेठी।** अमेठी में पिछले दो महीने से चले आ रहे रास्ते के विवाद ने आज खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। बार-बार पुलिस से शिकायत करने से नाराज दबंगों ने महिलाओं पर ईंटों से हमला कर दिया। दबंगों के हमले के बुजुर्ग महिला समेत चार महिलाओं को चोटें आई। जिनका इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों से विधिक कार्यवाही करने में जुटी हुई है। दरअसल ये पूरा मामला जामो थाना क्षेत्र के पूरे सूबेदार चौबे का पुरवा गांव का है जहाँ गांव की रहने वाली सुषमा का पड़ोस के रहने वाले प्रशांत और उसके परिवार से रास्ते का विवाद चल रहा था।आज प्रशांत के द्वारा रास्ते पर मड़हा डालकर कब्जा कर लिया गया।जिसकी शिकायत जब सुषमा ने की तो प्रशांत और उसके परिजन हमलावर हो गए और घर मे मौजूद एक 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला,सुषमा और दो किशोरियों पर ईंटों से हमला कर दिया।

## हेड कॉन्स्टेबलों और ड्राइवरों का प्रमोशन क्यों नहीं

❖ इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रमुख सचिव गृह, डीजीपी, पुलिस भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष से मांगा जवाब

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी में तैनात हेड कांस्टेबल ड्राइवरों एवं हेड कांस्टेबल सशस्त्र पुलिस को दरोगा के पद पर पदोन्नति न देने के सम्बन्ध में यूपी पुलिस के आलाधिकारियों से जवाब तलब किया है। इलाहाबाद, आगरा, कानपुर नगर, मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मुजफ्फरनगर, बरेली, वाराणसी गोरखपुर, बांदा, मिजार्पुर व कई अन्य जिलों में तैनात सैकड़ों मुख्य आरक्षी ड्राइवरों एवं मुख्य आरक्षी सशस्त्र पुलिस ने अलग-अलग ग्रुप वाइज इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर समानता के अधिकार के तहत उप-निरीक्षक ड्राइवर व उपनिरीक्षक सशस्त्र पुलिस के पद पर पदोन्नति देने की मांग की है।

उक्त प्रकरण में सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय ने उप्र पुलिस विभाग के प्रमुख सचिव गृह, डीजीपी उ प्र, पुलिस भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष, डीआईजी स्थापना / कार्मिक तथा एडीजी लॉजिस्टिक उप्र से आठ सप्ताह में जवाब तलब किया है।

पूछा है कि याचीगणों को अभी तक उपनिरीक्षक के पद पदोन्नति क्यों नहीं प्रदान की गई जबकि याचीगणों से जूनियर बैच के आरक्षीगण सिविल पुलिस में उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्राप्त कर चुकें है।

**1984 से 1990 बैच तक के आरक्षियों के प्रमोशन का मामला :** याचीगणों की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम एवं अतिप्रिया गौतम का कोर्ट में तर्क था कि सभी याचीगण वर्ष 1984 से वर्ष 1990 के बीच आरक्षी के पद पर पीएसी में भर्ती हुए थे। बाद में याचीगणों को पीएसी से सशस्त्र पुलिस में वर्ष 2000 - 2002 में तबादला कर दिया गया।

तत्पश्चात याचीगणों ने ड्राइवर का कोर्स किया एवं याचीगणों को आरक्षी चालक के पद पर पोस्टिंग प्रदान की गयी। सभी याचीगणों को वर्ष 2017-2018 में मुख्य आरक्षी ड्राइवर के पद पर प्रोन्नति प्रदान की गई। याचीगणों का कहना था कि उनसे सैकड़ों जूनियर आरक्षी 1991 बैच तक के उपनिरीक्षक के पद पर सिविल पुलिस में पदोन्नति प्राप्त कर चुकें है। जबकि याचीगण 1984 से 1990 बैच तक के आरक्षी है, परन्तु उन्हें उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नति नहीं प्रदान की गयी है, जो कि समानता के अधिकार के विरूद्ध है। याचीगणों का कहना था कि मुख्य आरक्षी से उपनिरीक्षक मोटर परिवाहन के पद पर शत-प्रतिशत रिक्तियां अनुपयुक्तो को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर प्रोन्नति द्वारा ऐसे मुख्य आरक्षी परिवाहन में से भरी जायेंगी। जिन्होंने भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस को 3 वर्ष की सेवाएं पूर्ण कर ली है एवं मुख्य आरक्षी सशस्त्र पुलिस/ सिविल पुलिस से उपनिरीक्षक सशस्त्र पुलिस /सिविल पुलिस के पद पर भर्ती के लिए मुख्य आरक्षी के पद पर 3 वर्ष की सेवायें पूर्ण होनी चाहिए। कहा गया था कि पदोन्नति वरिष्ठता के आधार पर अनुपयुक्तों को छोड़कर की जाने की प्रक्रिया है। याचीगणों की ओर से कहा गया है कि उ०प्र० के गृह सचिव लखनऊ द्वारा जारी शासनादेश दिनांक 30 अक्टूबर 2015, 18 अक्टूबर 2016 एवं 12 मार्च 2016 के तहत आरक्षी सशस्त्र पुलिस के कुल स्वीकृत पदों को आरक्षी नागरिक पुलिस के पदो के साथ पुलिस विभाग में आरक्षी पुलिस के पद में समाहित कर दिया गया है।

आरक्षी सशस्त्र पुलिस एवं आरक्षी नागरिक पुलिस को एक ही संवर्ग (आरक्षी उ० प्र० संवर्ग के रूप में माना जायेगा)। हाईकोर्ट ने भी सुनील कुमार चौहान व अन्य के केस में कानून की यह व्यवस्था प्रतिपादित कर दी है कि पीएसी, सिविल पुलिस एवं सशस्त्र पुलिस एक ही संवर्ग / कैडर की शाखाएं है एवं सभी को एक ही संवर्ग में माना जायेगा। सभी याचीगण या तो एसपी/ एसएसपी / डीआईजी/आईजी / एडीजी व अन्य पुलिस के आलाधिकारियों की गाड़ी चला रहे है या सशस्त्र पुलिस के मुख्य आरक्षी माननीयों की सुरक्षा में तैनात है।